तापमान
अधिकतम 45.6 डिग्री
न्यूनतम 28.2 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 2 जून 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




11 ग्रामीणों को समय पर नहीं मिल रहा चावल व शक्कर


11 आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में गुणवत्ता रखें विशेष ध्यान आयुक्त




न्यू ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई
SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### केक लेने गए वृद्ध की लाश झांड़ियों में मिली

**भिलाई।** नातिन का जन्म दिन पर केक लेने गए नाना की झाडियों में लाश मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि पावर हाउस नंदिनी रोड निवासी जय सिंह शुक्रवार उनकी नातिन का जन्म दिन था। नातिन के लिए बर्थडे केक लाने के लिए जय सिंह घर से निकले थे। जयसिंह की तबियत खराब होने के बाद भी केक लेने निकले थे। घर से सुबह 11 बजे निकले जय सिंह शाम तक अपने घर नहीं पहुचे। शुक्रवार को उनकी लाश खुर्सीपार गेट के पास झाड़ियों में मिली।

### साफ्टवेयर इंजीनियर के साथ धोखाधड़ी

**भिलाई।** साफ्टवेयर इंजीनियर से आर्मी अफसर बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपु पुलिस ने बताया कि कसारीडीह दुर्ग निवासी गायत्री वर्मा पेसे से साफ्टवेयर इंजीनियर है। अज्ञात मोबाइल धारक ने खुद को आर्मी आफिसर बताकर ओएलएक्स के माध्यम से मकान को किराए के नाम पर पीड़िता से 65 हजार 995 की ठगी किया है। अज्ञात मोबाइल धारक ने पीड़िता का गणपति विहार बोरसी में फ्लैट है। जिसे किराए से देने के लिए ओएलएक्स में डाली थी। 30 मई को पति के मोबाईल पर अज्ञात मोबाइल धारक का वाटसअप कल आया था। काल को पीड़िता ने रिसीव किया गया था। उसने अपना नाम आशीष पहारी आर्मी ऑफिसर बताया था। मकान को किराए मांगकर एडवांस रकम पीड़िता के खाते में ट्रांसफर करने का झांसा देकर खाते का डिटेल पहले मांगा। अज्ञात ने पहले खाते में 50 रुपए कंफर्म करने के लिए खाते में ट्रांसफर किया था। अज्ञात मोबाइल धारक के बातों में आकर पीड़िता ने अपने युपीआई गुगल से 32 हजार 995. 33 हजार रुपए ऑनलाईन आरोपी के खाते में ट्रांसफर किया। इसके बाद पीड़िता ने आरोपी को ट्रांसफर हुए रकम को लौटाने की बात कहती रही लेकिन रुपए आरोपी ने नहीं लौटाया है। गौरतलब हो कि इस्पात नगरी में ठगी के वारदात लगातार बढ़ रही है। जिसे रोकने में साइबर क्राइम भी फेल हो चुकी है। साइबर थाने में ठगी के दर्जनों मामले अब भी लंबित है।

विंडबना : 528 स्कूलों में 3462 विद्यार्थियों का पहले लाटरी में हुआ है चयन

# आरटीई में फर्जीवाड़ा की जांच शुरु जिले के स्कूलों में एडमिशन पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

निःशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) में फर्जीवाड़ा का मामला उजागर होने के बाद इसकी जांच शुरु कर दी गई है। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर ने संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा को दो दिन के भीतर जांच रिपोर्ट पेश करने कहा है। जांच रिपोर्ट सोमवार को प्रस्तुत कर दी जाएगी। आरटीई के दायरे में आने वाले निजी स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया भी रोक लगा दी गई है। जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक किसी भी निजी स्कूल में आरटीई के तहत बच्चों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। 4293 सीटों पर 3462 बच्चों का चयन प्रथम लाटरी में हुआ है।

### 528 स्कूलों पर रोक

लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश के बाद संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा अधिकारी ने इसकी जांच शुरु कर दी है। दुर्ग जिले में 528 स्कूलों में गरीब वर्ग के बच्चों को प्रवेश देने के लिए पहले चरण की लॉटरी निकाली जा चुकी है। आबंटित सीटों पर चयनित पात्र बच्चों को दाखिला दिया जाना था लेकिन जांच की वजह से इसे रोका गया है।

### हरिभूमि के खबर के बाद जागा प्रशासन


आरटीई में फर्जीवाड़ा : दस्तावेज जांच में ऐसी लापरवाही से वास्तविक गरीब बच्चों को नहीं मिल रहा बड़े स्कूल
आधार कार्ड व पते फर्जी, फिर भी तीन स्कूल आबंटित

### जांच में दोनों बच्चों के आवेदन में गड़बड़ी

आरटीई के तहत दो बच्चों के आवेदन में ही गड़बड़ी पाई गई है। एक बच्चे ने 8 आवेदन और एक बच्चे ने 9 आवेदन किए है। इनके आधार कार्ड की जांच की गई है। आधार कार्ड में बच्चों का जन्म तिथि, नाम, एक है लेकिन पते अलग-अलग है। खास बात यह है कि स्कूलों का चयन के लिए इन बच्चों के पालकों ने आरटीई पोर्टल में अलग-अलग नोडलों में आवेदन डाला।

### आवेदनों की जांच में लापरवाही

लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालक ने हरिभूमि की प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए आरटीई में फर्जीवाड़ा की जांच शुरु करवाई है। अपर संचालक ने एक बच्चे को तीन-तीन स्कूल आबंटित करने की वजह नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन में लापरवाही माना है। नोडल अधिकारियों की इस लापरवाही को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

### इस तरह हुआ है फर्जीवाड़ा

#### इन तीन नामी स्कूलों का आबंटन

आरटीई पोर्टल में इस एक ही बच्चे का तीन नामी स्कूलों को दाखिले के लिए आबंटित किया गया है। आरटीई आवेदन क्रमांक 202400670095 को डीपीएस स्कूल जुनवानी आबंटित हुआ है। आरटीई आवेदन क्रमांक 2024006670025 को केपीएस नेहरूनगर और आवेदन क्रमांक 202400670211 को एमजे स्कूल कोहका दिया गया है। जबकि इस बच्चे के निवास स्थान के हिसाब से रविदास नगर के आसपास क्षेत्रों के निजी स्कूलों को आबंटित किया जाना चाहिए था।

#### एक बच्चे को दे दिया तीन नामी स्कूल

बीपीएल वर्ग के बच्चों के साथ कैसा मजाक हो रहा है इसे भी समझिए। एक वास्तविक हकदार बच्चे को लाटरी के नाम पर पात्र होने के बाद भी एक स्कूल तक नहीं मिल पाया है। वहीं दूसरी तरफ उक्त आवेदन पर इस एक बच्चे को तीन नामी स्कूलों का आबंटन कर दिया गया है। आवेदन क्रमांक आरटीई 202400628300 के आधार पर एमजे स्कूल कोहका आबंटित किया गया है। आवेदन क्रमांक आरटीई 202400671556 को डीएवी इस्पात स्कूल सेक्टर 2 और आवेदन क्रमांक आरटीई 20240067613 को डीपीएस जुनवानी मिला है।

#### प्रवेश पर रोक

दुर्ग जिले में आरटीई के दायरे में आने वाले सभी स्कूलों में प्रवेश रोक दिया गया है। जांच होने के बाद प्रवेश शुरु किया जा सकेगा। सोमवार को रिपोर्ट डीपीआई को भेजेंगे।

-आरएल ठाकुर, संभागीय संयुक्त शिक्षा अधिकारी

जामुल थाना क्षेत्र की घटना

## विवाद के बाद ससुर ने लगाई आग, गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

बहु से विवाद के बाद ससुर ने अग्नि सनान करने का मामला सामने आया है। ससुर को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मिली जानकारी के मुताबिक 1 जून सुबह 9:30 बजे जामुल विश्वकर्मा चौक जहां पर नरेंद्र पांडे नाम के वृद्ध ने अपने शरीर पर डीजल उडेंलकर अग्नि स्नान कर लिया। घटना के समय बहु माधुरी पांडे घर पर थी। माधुरी पांडे ने बताया कि 5 -6 दिन पहले से उनके और उनके सास ससुर के बीच अनबन चल रही थी। माधुरी पांडे ने बताया कि उनके पति के निधन के बाद अपने देवर से शादी कर ली थी। जिसे लेकर उनके साथ ससुर से हर रोज विवाद होता रहता था। पुलिस से सहायता भी ली गई थी। एक महीने के वार्निंग के बाद अलग-अलग रहने की बात आई थी। पिछले 6 से 7 दिनों से माधुरी के साथ ससुर घर से बाहर थे अचानक ससुर आते हैं। घर में रखा फ्रिज खोलते हैं फ्रिज खोलने के बाद उसमें मौजूद सामान देखते हैं। उसके बाद जब उनकी बहू झाड़ू लगाने के लिए दूसरे कमरे में जाती है। तब ससुर खुद पर डीजल उडेंलकर आग लगा लिया। माधुरी ने बताया कि घटना के बाद तुरंत उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुचाया गया। जहां गंभीरता को देखते हुए ससुर को जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल नरेंद्र पांडे 75 प्रतिशत झुलसने से स्थिति गंभीर बनी हुई है। जामुल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## ऑटो की ठोकर से बाइक सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आटो की चपेट में आने से बाइक सवार युवकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

कुम्हारी पुलिस ने बताया कि सोन डोंगरी रायपुर निवासी सूर्यकांत शनिवार सुबह अपनी बाइक से काम से जा रहा था। इस दौरान कुम्हारी ओवर ब्रिज अपेक्स अस्पताल पास पहुंचा ही था। इस दौरान ऑटो की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कर शव को सुपेला मरचुरी भेज दिया गया।

## मतगणना स्थल में ट्रैफिक पुलिस का पार्किंग प्लान तैयार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

लोकसभा चुनाव के मतगणना को लेकर एसपी जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर 4 जून के लिए पार्किंग प्लान ट्रैफिक पुलिस जारी किया है।

डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि मतगणना गिनती में लगे अधिकारी कर्मचारी , पासधारी प्रेस मीडिया और अन्य व्यवस्था में लगे कर्मचारी पूर्व से पास जारी हुआ है। वे सभी अपने वाहन गेट नंबर 2 से प्रवेश कर बांये साइड स्थित कॉलेज पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। जुनवानी से चिखली मार्ग में सड़क पर किसी भी प्रकार के वहां खड़ा नहीं होंगा। पासधारी एजेंट ,आम पब्लिक अपने वाहन डी मार्ट के सामने ग्राउंड में पार्क करेंगे। मतगणना में किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक सामान, मोबाइल ,पेन ,जलनशील सामग्री, अन्य कोई भी सामग्री ले जाना प्रतिबंधित होगा।

▪ सभी वाहन पार्किंग में ही रखे जाएंगे

एसपी जितेंद्र शुक्ला के निर्देश पर मतगणना स्थल शंकराचार्य कॉलेज ,जुनवानी में होने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा पार्किंग प्लान तैयार किया है। जिसमें कॉलेज गेट नंबर 1 से ऑब्जर्वर, आरओ, पीआरओ, सीनियर अधिकारीगण के वाहन प्रवेश करेंगे। मतगणना गिनती में लगे अधिकारी कर्मचारी ,पासधारी प्रेस मीडिया समेत अन्य व्यवस्था में लगे कर्मचारी अपने वाहन गेट नंबर 2 से प्रवेश कर बांये साइड स्थित कॉलेज पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। प्रत्याशी और उनके मतगणना एजेंट जिनको पास जारी किया गया है। वह अपने वाहन डी मार्ट के सामने मैदान में वाहन पार्क कर पैदल अंदर प्रवेश करेंगे।

## गुंडागर्दी करने वालों का निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

कमरे में बंद कर युवक को बंधक बनाकर मारपीट कर वीडियों वायरल करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं एक युवक को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि भाठापारा उमदा निवासी युवराज ठाकुर की शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आते हुए आरोपी शुभम नंदी, आयुष तिवारी, लक्की ठाकुर के खिलाफ अपराध कायम किया। तीनों युवकों ने बिजली नगर कालोनी में स्थित खंडहर क्वाटर में पीड़ित को लेकर गए। जहां आरोपी शुभम नंदी, आयुष तिवारी, लक्की ठाकुर तीनों ने जमकर मारपीट किया। वीडियों वायरल होने के बाद पुलिस आरोपियों का शिनाख्त करने में जुटी रही। युवराज पर आरोपियों ने पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर जमकर पिटाई की थी। पीड़ित ने आरोपियों ने 10 हजार रुपए का डिमांड भी किया था। आरोपियों ने युवक को गमछा से बांधकर हाथ मुक्का, बेल्ट से मारपीट किया था। विवेचना में मारपीट कर विडियो वायरल करने वाले आरोपी शुभम नंदी, लक्की ठाकुर के बारे में पुलिस ने जानकारी जुटाई। पुलिस को पता चला कि भिलाई तीन थाना, खुर्सीपार, सुपेला में चोरी के कई मामले दर्ज है।

▪ फरार आरोपी की तलाश में पुलिस है जुटी
▪ मारपीट कर युवक का वीडियो किया था वायरल
▪ घटना को तीन आरोपियों ने दिया था अंजाम




अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले से बातचीत

# उपायों पर बोले, भक्त का पक्का विश्वास ही इलाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने भक्तजनों को बताए जाने वाले उपायों के सवाल देते हुए कहा कि शिवमहापुराण में कहीं भी चमत्कार का वर्णन नहीं आया है। केवल भगवान शिव पर विश्वास पक्का होता है। इससे भक्त को उर्जा उत्पन्न होती है कि हमने जल चढ़ाया, बेलपत्ती खाई इसलिए मेरा रोग दूर होगा ही। उन्होने कहा कि हम पहले ही कथा में कहते आएं है कि यदि कोई बीमारी है तो पहले डॉक्टर हो दिखाओ वे भी शिवजी का ही एक रूप हैं। शिवजी को चढ़ा बेलपत्र व जल औषधि के रूप में ले रहे हैं।





### ऑनलाइन अभिषेक से भक्तों को हुए फायदे

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने सावन के महीने में ऑनलाइन शिव अभिषेक के महत्व के सवाल पर कहा कि इससे श्रद्धालुओं को बड़ा फायदा मिला है। ऐसे भक्त भी हैं जो शिवजी का अभिषेक करवाने में बड़ा खर्च नहीं कर सकते। पूजन सामग्री सहित दान-दक्षिणा नहीं दे पाते। ब्राम्हण भी एक ही दिन में दस जगह पूजन के लिए नहीं जा सकते।

### नक्सलमुक्त करने छत्तीसगढ़ सरकार जुटी है

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने छत्तीसगढ़ के नक्सलमुक्त जैसे सवाल पर कहा कि यहां का शासन-प्रशासन नक्सलवाद को खत्म करने के लिए जुटा हुआ है। हमें भी उम्मीद हैं कि भटके हुए युवा फिर से अपने मूल धारा में लौट आएंगे।

### धर्मातंरण के लिए उसके कारण पर जाना जरूरी

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने धर्मातंरण के मुद्दे पर कहा कि जो भी धार्मिक आयोजन हमारे होते हैं वे खुले मंच में होते हैं। इस मंच से हम यह संदेश देते हैं कि अपने -अपने धर्म में रहो। जो अधर्मी हैं वे कहीं न कहीं ग्रामीणों को सनातन धर्म से तोड़कर ले जाते हैं। किसानों को अपनी भूमि छोड़कर दूसरी जगह रोजी-मजदूरी के लिए नहीं जाना चाहिए। अपनी भूमि का सुख दूसरी जगह नहीं मिल सकता।

### काशी जैसा महत्व है खारून नदी का

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने कहा कि अमलेश्वर का खारून नदी छत्तीगसढ़ का काशी जैसा है। पुराणों में खारून नदी का वर्णन किया गया है। यहां हाटेकेश्वर महादेव स्वयं की विराजमान हैं।

### लव मैरिज नहीं लव जिहाद का विरोध

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कथा में बेटियों से अपने माता-पिता की मर्जी से ही शादी करने के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हमारा विरोध लव मैरिज का नहीं लव जिहाद का है। दूसरे धर्म के लोग हमारी सनातनी बेटियों को निशाना बना रहे हैं। उन्होने कहा कि मूल बात यह है कि बेटी के अनुकूल लड़का होना चाहिए।

### मंदिरों के ताले शिव जी खुद ही खुलवा देंगे

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने मुगलकाल के दौरान शिवमंदिरों में लगे ताले को खुलवाने के सवाल पर कहा कि जिन मंदिरों में ताले लगे हैं उन्हे खुलवाने का प्रयास हम कर रहे हैं। स्वयं शिवजी इस कार्य को करेंगे।

### 4 बच्चे इसलिए है जरूरी

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने कथा में हिन्दूओं को चार संतान पैदा करने के सवाल पर कहा कि एक बच्चा सनातन धर्म के लिए हो। दूसरा राष्ट्र के हित के लिए एक सैनिक के रूप में दीजिए। दो बच्चे अपनी माता पिता का सेवा करें।

### जो सरकार रोजगार दें, राष्ट्र का कल्याण करें वहीं सत्ता में आए

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में वही पार्टी जीते जो बेरोजगार युवाओं को रोजगार दे सके। राष्ट्र का कल्याण कर सके। सनातन धर्म को बचाए। उन्होने धर्म गुरुओं के राजनीति में आगमन पर कहा कि यह पहले से ही होता आया है लेकिन धर्म की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

### बाल गृह से भागा बालक मिला

**भिलाई।** बाल गृग दुर्ग से एक अपचारी बालक फिर फरार हो गया था। जिसकी उम्र 13 साल है। जब वार्डन से पूछताछ करने पर उसने बताया कि सभी बालक यहीं है। लेकिन फरार बालक की फोटो दिखाने पर वार्डन कुछ भी नहीं बोल पाया। मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात दुर्ग रेलवे स्टेशन के पास एक अपचारी बालक को देखा गया। बालक ने बताया कि वो शासकीय बाल गृह में रहता है और पढ़ाई करता है। बालक रात दो बजे बाल गृह से भाग कर स्टेशन में भटक रहा था। जिसकी सूचना पदमनाभपुर पुलिस को दी गई। मौके पर पहुची पुलिस की टीम ने बालक को शासकीय बाल गृह दुर्ग छोडा गया। बालक के भागने तक की जानकारी यहां की अधीक्षिका तक को नहीं थी। जब एनएसयूआई के टीम ने बालक का फोटो दिखाया तो अधीक्षिका हड़बड़ा गई। बाल गृह से भागे बच्चे ने पूछने पर बताया कि उसके पिता नहीं हैं। एक अपराध के चलते उसके पापा ही उसे यहां छोड़कर चार साल बहले गए थे। यहां उसे हॉस्टल में बाकी बच्चे काफी चिढ़ाते थे। उसने इसके बारे में कई बार वहां के स्टाफ और अधीक्षिका से शिकायत की थी।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## खबर संक्षेप

### विशेष लोक अदालत का आयोजन 29 जुलाई से

**दुर्ग।** उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन अखिल भारतीय स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित करते हुए लंबित प्रकरणों के अधिकाधिक संख्या में निराकरण का प्रयास किया जाना है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के सचिव आशीष डहरिया से मिली जानकारी अनुसार माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आयोजित उक्त विशेष लोक अदालत हेतु छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित ऐसे मामले जो माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है, की सूची में दुर्ग जिले से संबंधित कुल 22 प्रकरणों को निराकृत किये जाने हेतु चिन्हांकित किया गया है। विशेष लोक अदालत हेतु चिन्हांकित प्रकरणों हेतु प्री-सीटिंग, जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग में आयोजित की जा रही है। जिसमें वरिष्ठतम न्यायाधीश द्वारा प्रकरण के उभयपक्षों के मध्य आपसी सहमति से राजीनामा का प्रयास किया जाएगा। चिन्हांकित प्रकरणों के निराकरण हेतु आयोजित प्री-सीटिंग हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग की ओर से पक्षकारों को प्री-सीटिंग में उपस्थित होने सूचना भेजी जा रही है।

### अब आंगनबाड़ी का समय सुबह 07 से 09 बजे तक

**दुर्ग।** भीषण गर्मी के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन महिला बाल विकास विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय सुबह 7 से 9 बजे तक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। ज्ञात हो कि वर्तमान में आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन की अवधि 4 घण्टे सुबह 7 से 11 बजे है। जिसे आदेशानुसार अब घटाकर 2 घण्टे सुबह 7 से 9 बजे किया जाएगा। गर्मी कम होते ही पुनः 1 जुलाई तक आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह 7 से 11 बजे कर दिया जाएगा। 1 जुलाई के पश्चात आंगनबाड़ी केन्द्र संचालन का समय यथावत 9.30 बजे से 3.30 बजे तक कर दिया जायेगा।

### ईटीपीबीएस से अब तक मिले 938 डाक मतपत्र

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 7 दुर्ग के अंतर्गत सैन्य एवं केन्द्रीय सशस्त्र सेवाओं में तैनात सेवा मतदाताओं से ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मुख्य जिला दुर्ग को 31 मई तक 933 डाक मतपत्र प्राप्त हुये थे। 1 जून को 5 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। 1 जून की स्थिति में कुल 938 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है। अब केवल सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबीएस के माध्यम से डाक मतपत्र मतगणना तिथि 04 जून 2024 को सुबह 7.59 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे।

### निधन

### गिरजाबाई सोनी

**दुर्ग।** बैगापारा गौरा चौक निवासी गिरजाबाई सोनी 70 वर्ष का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. नूतनलाल सोनी की पत्नी और नरेश, धर्मेन्द्र, सत्येन्द्र, बिरेन्द्र, ओमप्रकाश, कुलेश्वर सोनी की माताजी थी।



# गांव में भी स्वच्छता की अलख, 377 गांव में हो रहा कचरा कलेक्शन

## महिला समूहों की भागीदारी से ग्रामीणों ने किया स्वच्छता की ओर पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वच्छ भारत मिशन की राह पर न सिर्फ शहर बल्कि गांव में आगे बढता दिख रहा है। जिले के कुल तीन सौ ग्राम पंचायत में से 377 गांव में महिला समूह ट्राईसाईकल लेकर कचरा कलेक्शन करने निकल रही है। इन ग्राम पंचायतों में दो-दो ट्राईसाईकल उपलब्ध कराया गया है। जिसके जरिए महिलाएं अब गांव को भी स्वच्छता की ओर ले जाने महती भूमिका निभा रही है।

मिली जानकारी अनुसार जिले के 381 ग्राम पंचायत में करीब 70 गांव में स्वच्छता कर (टैक्स) लेने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। अफसरों ने बताया कि, शुरूआत में एक माह का दस रूपए लिए जा रहे है, वहीं दुकान व बाजार के लिए अलग-अलग दर निर्धारित किए गए है। अफसरों ने बताया कि, पन्द्रवे वित्त एवं अन्य मद से स्वच्छाग्राही को मानेदय भुगतान किया जा रहा हैं। इसमें करीब 98 गांव हैं, जिन्हें मानदेय का भुगतान किया जा रहा है। इसमें महिला समूह कचरा कलेक्शन कर रही है, वही वसूली का जिम्मा ग्राम पंचायत की है। समूह की महिलाओं को मानदेय ग्राम पंचायत द्वारा दिया जा रहा है। इसमें दो हजार से छः हजार तक मानेदय दिया जा रहा है।

**खास बातें**

- तीनों ब्लाको में डोर टू डोर शुरू कचरा कलेक्शन
- मानदेय की समस्या के चलते कई गांव में परेशानी
- पन्द्रवे वित्त के तहत भुगतान का किया गया प्रावधान

### इन गांव में हो रहा बेहतर संचालन

जानकारी अनुसार जिले के नगपुरा, रिसामा, कुथरेल, पौव्वारा, अंजोरा, पाटन, पतोरा और घुघवा व फुंडा जैसे ग्राम पंचायत में कचरा कलेक्शन का बेहतर काम हो रहा हैं। इन गांव में महिला समूह द्वारा कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। जिले में 381 ग्राम पंचायत में दो-दो ट्राईसाइकिल दिया जा चुका है।



### नेशनल ट्रिब्यूनल विभाग देगी दस्तक

बताया जा रहा है कि, आगामी दिनों दिल्ली से राष्ट्रीय हरित अभिकरण की टीम छग में दस्तक देगी। इस दौरान ट्रिब्यूनल की टीम कही पर भी जांच के लिए पहुंच सकती है। उल्लेखनीय है कि, खामियां मिलने पर टीम बडी कार्यवाही कर सकती है। यही कारण है कि जिला प्रशासन गांव गांव में स्वच्छता अभियान की अलग जगाले में जूटा हुआ है।

## योजना : निजी दुकानों से करना पड़ रहा पूरा भुगतान, किसान परेशान

# किसानों को नहीं मिल रहा कृषि यंत्रों में सब्सिडी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केन्द्र और राज्य सरकार के प्रवर्तित योजना का लाभ किसानों को नही मिल पा रहा है। पिछले दो साल से किसानों के कृषि यंत्र खरीदने सब्सिडी का लाभ नही मिल पा रहा है। लगातार किसान योजना को लेकर राज्य शासन से गुहार लगा चुके है। लेकिन सुनवाई नही हो रही है। बहरहाल खरीफ सीजन सामने है, ऐसे में इस बार भी किसानों को योजना का लाभ अब तक मिलता नही दिख रहा है।

जानकारी अनुसार कृषि विभाग का कहना है कि, चैप्स योजना को लेकर राज्य स्तर से कोई टारगेट नही दिया जा रहा है। वहीं उच्च अधिकारियों का कहना है कि, राज्य और केन्द्र से बजट उपलब्ध नही कराए जाने के कारण सब्सिडी किसानों को नही मिल रही है। ऐसे में मजबूर किसान बाजार में पूरा राशि देकर मशीन खरीद रहे है। उल्लेखनीय है कि, बीते खरीफ सीजन में चैंप्स योजना के तहत यंत्र खरीदने पोर्टल की शुरूआत नही की गई। किसान खरीफ सीजन से वंचित हो गए, वही रबि में भी अब तक योजना की शुरूआत नही की गई है। जिसके चलते किसान सब्सिडी वाली यंत्र खरीदने से वंचित हो गए है।

## हर साल 35 हजार किसान लेते हैं प्रदेशभर में लाभ

### राज्य का शेयर नहीं किया गया जमा

चैंप्स योजना के तहत पिछले दो साल की राशि राज्य शासन द्वारा प्रदान कंपनी को भुगतान नही की गई है। जानकारी अनुसार केन्द्र द्वारा तैंतीस फीसदी राशि कंपनियों को भुगतान की गई है। लेकिन राज्य द्वारा बाईस फीसदी राशि करीब 58 करोड रूपए रोक दिया गया है। माना जा रहा हैं कि, इसी कारण कंपनियां भी रूचि नही दिखा रही है।



### आवेदन नहीं कर पा रहे किसान

वर्ष 2023-24 के लिए राज्य के कृषि महकमा द्वारा प्रदेश के किसी भी जिले में टारगेट नही दिया गया है। टारगेट नही दिए जाने से प्रदेशभर के अफसर संशय में है। इधर चैप्स में पंजीकृत कंपनियों का कहना हैं कि, टारगेट नही मिलने के साथ पोर्टल की शुरूआत नही करने से किसान आवेदन नही दे पा रहे है। ऐसे में रबि सीजन 2024-25 भी अटक गया है।

### वर्ष 2022 के बाद पोर्टल शुरू नहीं

मिली जानकारी अनुसार प्रदेशभर में वर्ष 2022 में 35 हजार से अधिक किसानों को कृषि यंत्रों की सुविधा प्रदान की गई थी। इन किसानों को ड्रीप और सप्रिंकलर में कोटेशन राशि 143 करोड दो लाख 43 हजार रूपए की लागत से यंत्र उपलब्ध कराए गए है। इसमें 33 फीसदी केन्द्र और राज्य द्वारा 22 फीसदी छूट दी गई थी। लेकिन इस बार चैंप्स (छत्तीसगढ़ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एंड माइक्रो एरिगेशन मॉनिटरिंग प्रॉसेस पोर्टल) ही शुरू नही किया गया है। ऐसे में 55 फीसदी सब्सिडी वाली ड्रीप और स्पिंकलर पाइप नही मिल पा रही है।

### मिल रही लगातार शिकायतें

चैंप्स योजना को लेकर विगत दिनों जनपद पंचायत की बैठक में उद्यानिकी विभाग द्वारा किसानों से पन्द्रह से बीस हजार रूपए लिए जाने की बात सामने आई थी। योजना में सिर्फ आनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया है। लेकिन विभाग द्वारा किसानों से राशि लेकर आफलाइन आवेदन भराए गए। यह आरोप सभापति राकेश हिरवानी द्वारा उठाया गया था। लेकिन अब तक मामले की जांच नही की गई है।

# बगैर अनुमति के हो रहा खाद का भंडारण, थमाया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खरीफ सीजन के पहले निजी दुकान संचालको की मनमानी चरम पर है। खाद का भंडारण करने अनुमति लिए बगैर स्टाक रखा जा रहा है। यही नहीं अवैध तरीके से खाद भंडारण कर किसानों के बजाय कोचियों को ट्रको ट्रक माल बेचा जा रहा है। जबकि यहां सोसायटियों में टारगेट के मुकाबले खाद का भंडारण सिर्फ पचास फीसदी ही की गई है।

- रिकार्ड में दुरूस्त नहीं, थमाई नोटिस

विकासखंड दुर्ग के जलाराम एग्रोटेक, गंजमण्डी कॉम्प्लेक्स, धमधा रोड दुर्ग का जिला उर्वरक निरीक्षक किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज स्कंध पंजी, बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध उर्वरकों का अवलोकन किया गया, जहां बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र उर्वरक का भण्डारण किये जाने के कारण, रिकार्ड संधारण नहीं होने व मासिक रिपोर्ट नहीं दिये जाने के कारण, उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के खण्ड 4, 8(3), 8(4), 35 1(ए) एवं 35 1(बी) का उल्लंघन पाये जाने पर जब्ती एवं सुपुर्दुगी की कार्यवाही की गई है। तीनों संबंधित संस्थान को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण के लिये 7 दिवस का समय दिया गया है।

### पन्द्रह दिन बाद करेगें निरीक्षण

जवाब समय पर प्राप्त नहीं होने की स्थिति में संबंधित के विरूद्ध उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। आगामी 15 दिवस के भीतर निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का शत-प्रतिशत निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है ताकि कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता करायी जा सके।

# गया नगर में उत्पाती बंदर का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**दुर्ग।** विगत एक सप्ताह से गया नगर वार्ड 4 के विभिन्न घरों में घुसकर उत्पाद मचाने वाले बंदर को आज वन विभाग द्वारा रेस्क्यू कर पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार अपने झुंड से बिछड़े बंदरों में से 2 बंदर कुछ दिनो से उत्पात मचा रखा था। आए दिन किसी भी घर में घुसकर किचन की सामग्री खा जाना या घर में मौजूद लोगों पर हमला करने को कोशिश से लोगों में दशहत हो गया था। जिसकी लगातार शिकायत मिल रही थी किंतु आज सुबह उक्त उत्पाति बंदर गली नंबर 4 स्थित युगल किशोर तुरतुरिया नाम के एक परिवार के घर घुस गया। जिससे भयभीत परिवार के पूरे सदस्य चार घंटा बंधक के रूप में घर के अंदर कैद हो गए। इस दौरान मुहल्ले वासियों ने इसकी जानकारी वार्ड की पार्षद लीना दिनेश देवांगन को सूचना दिया और अपने स्तर पर भी घर के आंगन में घुसे बंदर को भागने की चेष्टा की किंतु सफल नहीं होने बाहर से घर की गेट बंद कर दिया गया। वन विभाग की रेस्क्यू दल द्वारा जाल के माध्यम से बंदर को पड़कर मैत्री गार्डन ले जाया गया।



### द्वितीय एवं तृतीय रेण्डमाईजेशन कल

**दुर्ग।** लोस निर्वाचन-2024 के लिए मतगणना दलों का गठन किया जाना है। इस हेतु मतगणना दल का द्वितीय रेण्डमाईजेशन 3 जून को प्रातः 10 बजे तथा तृतीय रेण्डमाईजेशन 4 जून प्रातः 5 बजे से एनआईसी कक्ष जिला कार्यालय दुर्ग में किया जाएगा। उक्त कार्यवाही के दौरान काउंटिंग आब्जर्वर तथा कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित रहेंगे।

## सेवानिवृत्त के 145 प्रकरण पर पेंशन ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग संभाग अंतर्गत 7 जिलों के विभिन्न आहरण अधिकारियों से सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के 201 पेंशन प्रकरण प्राप्त हुए। जिसमें से 145 प्रकरण पर पेंशन ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जारी किया गया। 45 प्रकरण 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का है। छत्तीसगढ़ राज्य के सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों को शासन के सेवानिवृत्ति लाभ के अंतर्गत पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान संचालनालय पेंशन एवं भविष्य निधि के अधीन संचालित संभागीय कोष लेखा पेंशन कार्यालय द्वारा किया जाता है। विगत दो माह से संचालक, पेंशन एवं भविष्य निधि महादेव कावरे आईएएस द्वारा प्रति सप्ताह शुक्रवार को विडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से राज्य के सभी संयुक्त संचालकों को पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण की समीक्षा की जाती है। समीक्षा के दौरान दिये गये निर्देश के तहत तकनीकी समस्याओं से संबंधित समाधान डॉ एके सिंह अपर संचालक संचालनालय के नेतृत्व में टीम द्वारा किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा डॉ दिवाकर सिंह राठौर ने बताया कि संचालक के निर्देशन व मार्गदर्शन में प्रदेश में पेंशन प्रकरणों के निराकरण में उल्लेखनीय गति आई है। जिसका परिणाम है कि 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले 45 शासकीय सेवकों को पेंशन एवं ग्रेच्युटी भुगतान आदेश जारी किया जाकर वित्त विभाग के निर्देशानुसार दुर्ग संभाग में सेवाओं का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# विधायक, महापौर ने डबरी तालाब की सफाई के जरिए दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा कैच द रेन फाइट द बाइट अभियान चलाया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 59 स्थित सतनामी पारा के निकट डबरी तालाब की सफाई के लिए विधायक गजेंद्र यादव एवं महापौर धीरज बाकलीवाल ने तालाब में उतरकर सफाई की शुरुआत कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। सफाई के बाद तालाब के चारों ओर पौधरोपण किया जाएगा। मौके पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पार्षद शिवेंद्र परिहार, दीपक साहू, भोला महोविया, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, कर्मशाला अधीक्षक शोएब अहमद, करण करोसिया, कुणाल, राहुल, सफाई दरोगा प्रदीप सोनी के अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व नागरिकों सहित निगम अमला मौजूद रहे। विधायक एवं महापौर ने वार्ड के लोगों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि अपने घर के साथ-साथ आसपास की भी नियमित रूप से सफाई करनी चाहिए। तालाबों एवं नालियों में कचरा न डालें। महापौर धीरज बाकलीवाल अपने जन्मदिन पर सुबह कातुलबोड़ पहुंचकर डबरी तालाब की सफाई कर श्रमदान किया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जन सहभागिता विशेष कर नागरिकों समाजसेवी एवं युवाओं को जोड़कर साफ-सफाई के प्रति जागरूक करना है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान विधायक गजेंद्र यादवएमहापौर धीरज बाकलीवाल ने तालाब के आस-पास लगी हुई झाड़ियों की कटिंग आदि करने के निर्देश दिये। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा डबरी तालाब में विगत 2.3 दिनों से प्रतिदिन सफाई अभियान कार्य प्रगति पर है।

- बारिश का पानी सहेजने किया जा रहा जतन



## उर्स पाक में शामिल हुए अतिथियों का किया स्वागत



**दुर्ग।** हजरत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुल्ला अलेह पुराना बस स्टैंड दुर्ग के चार दिवसीय उर्स पाक कार्यक्रम ( एकता उत्सव) के तीसरे दिन अरुण वोरा पूर्व विधायक बतौर मुख्य अतिथि, अध्यक्षता धीरज लाल बाकलीवाल महापौर विशिष्ट अतिथि राजेश यादव सभापति शामिल हुए। अल्ताफ अहमद पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य मदरसा बोर्ड, हमीद खोखर मेयर इन काउंसिल नगर निगम दुर्ग, फतेह सिंह भाटिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जिनका स्वागत अध्यक्ष प्रकाश देश लहरा, संरक्षक अनंत यादव, संयोजक अजहर जमील, उपाध्यक्ष पीयूष देशलहरा व सालाना उर्स पाक कमेटी की पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया एवं अतिथियों को काबुली अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## महापौर के जन्मदिन पर पूर्व सीएम ने दी बधाई




**दुर्ग।** महापौर धीरज बाकलीवाल को जन्मदिन पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित बडी संख्या में लोगों ने बधाई दी। उनके सिविल लाईन गौरव पथ स्थित आवास कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अलावा पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने महापौर को दूरभाष पर जन्मदिन की बधाई दी है। वहीं पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष विनायक नातू ,कांग्रेस नेता राजेन्द्र साहू,सभापति राजेश यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, एमआईसी प्रभारी दीपक साहू, हमीद खोखर, अब्दुल गनी, पूर्व पार्षद अलताफ अहमद व कांग्रेस के अन्य स्थानीय वरिष्ठ नेताओं ने महापौर के आवास कार्यालय पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग।** भारत सरकारए महिला एवं बाल विकास मंत्रालयए नई दिल्ली के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट में 31 जुलाई तक लिये जाएंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित कराने हेतु प्रतिवर्ष भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया जाता है। उक्त पुरस्कार हेतु जो बच्चें बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण के क्षेत्र में असाधारण पहचान हासिल की है तथा कला एवं संस्कृति और नवाचार जो राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के पात्र है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष जनवरी में आयोजित होने वाले एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति द्वारा नई दिल्ली में दिया जाता है। इस पुरुस्कार में एक पदक, प्रमाण-पत्र और प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। उक्त अवार्ड हेतु योग्यता रखने वाले बच्चें अपना ऑनलाईन आवेदन पंजीयन हेतु आवेदन पत्र 31 जुलाई 2024 तक वेबसाईट में अपलोड कर सकते हैं।

Health Town

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### जामुल पालिका में चला स्वच्छता पखवाड़ा



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल क्षेत्रांतर्गत कलेक्टर के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन वार्ड-18 बूढ़ादेव तालाब (नया तालाब) एवं शिवपुरी गार्डन को निकाय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा साफ-सफाई कर श्रम दान किया गया। जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी अंकुर पाण्डेय, उपअभियंता विनोद कनोजिया, कृष्ण नारायण ताम्रकार, राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, लेखापाल हेमंत वर्मा व निकाय के कर्मचारी पुनीत वर्मा, रामू देवांगन, पुरूषोत्तम सोनी, मेघनाथ सोनी, आशा जंघेल, नीलकंठ वर्मा, हिम्मत मंडावी, मोहन वर्मा, हर्षा मेहरा, सीमा गुप्ता, पीआईयू गौरव केशरवानी, मिशन मैनेजर शरद सिंह आदि उपस्थित थे।

### बारिश के पूर्व निगम की नालियों की सफाई

**भिलाई।** बारिश के पूर्व निगमों में चल रहा सफाई अभियान। छोटे-बड़े नालियों व नहर की सफाई की जा रही है। जिससे मच्छरों में कमी आई है। तापमान में बढ़ने से मच्छरों का प्रकोप भी कम हुआ है। आम नागरिकों से अपील है की।

## निधन

### भगवती प्रसाद वर्मा

**भिलाई।** भिलाई-3 दक्षिण वसुंधरा नगर निवासी भगवती प्रसाद वर्मा (77 वर्ष) का शनिवार को सेक्टर-9 अस्पताल में निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 2 जून रविवार को सुबह 10 बजे भिलाई-3 नूतन चौक मुक्तिधाम में किया जाएगा। उनकी शवयात्रा उनके निज निवास दक्षिण वसुंधरा नगर भिलाई-3 से निकलेगी। वे दुर्ग लोकसभा के सांसद विजय बघेल के जीजा व निखिल कुमार वर्मा के पिता थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई-3**
**मामलेकी श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला- दुर्ग तहसील भिलाई-3 प.ह.न. - 00013 परसदा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202324430301300019

**ईश्तहार**

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00013 के अंतर्गत ग्राम परसदा के वर्तमान भूमिस्वामी भुपेन्द्र कुमार पिता/पति राजुलाल पता-परसदा, पुखराज पिता/पति राजुलाल पता- परसदा के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 984(0.9100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता (नाबा.) जानवीमहार पिता/पति-पोखराज महार पता-परसदा, रानी महार पिता/पति-पोखराज महार पता-परसदा के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/06/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई- 3 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/05/2024 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार :
RAVI Vishwakarma
मुहर भिलाई-3 जि.-दुर्ग (छ.ग.)

## संयुक्त अभियान : निगम आयुक्त व बीएसपी के अधिकारियों के बीच हुई बैठक

# बारिश के पूर्व डेंगू मच्छरों से निपटने के लिए संसाधनों का लिया जायजा

### डेंगू से निपटने के लिए तैयारियों का लिया जायजा, बैक लाइन की शीघ्र होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई टाउनशिप का पर्यावरण बारिश के मौसम में डेंगू मच्छरों के अनुकूल होने से डेंगू फैलने की आशंका हमेशा रहती है। इस संभावना के मद्देनजर आवश्यक प्रतिबंधात्मक उपायों के लिए बीएसपी का जन स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिक निगम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में डेंगू से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लेने के लिए आयुक्त नगर निगम भिलाई देवेश कुमार ध्रुव ने बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के अधिकारियों के साथ टाउनशिप का सघन दौरा किया। साथ ही उपलब्ध संसाधनों जैसे मशीन, कीटनाशक एवं मैन पावर का अवलोकन करते हुए, कर्मियों को एक सप्ताह में दूर करने के लिए कार्य योजना सुनिश्चित की गयी।



#### निगम आयुक्त ने पीएचडी विभाग में बैठक

सेक्टर-8 के पीएचडी विभाग में आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव द्वारा बैठक ली गई। जहां उपलब्ध आवश्यक कीटनाशकों, प्रचार सामग्री एवं सम्बन्धित मशीनों की स्थिति का जायजा लिया गया। घर-घर सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत आवासों के टबों, गमलों, खाली रखे पात्रों में पड़े पानी एवं गड्ढों में रुके पानी को सप्ताह भर के अंदर खाली करने सम्बंधी जन-जागरूकता एवं लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए चर्चा की गयी। सेक्टर-6 से होकर गुजरने वाले बड़े नाले का अवलोकन कर जलकुम्भी एवं बहाव के अवरोध की दशा देखते हुए, बारिश में विपरीत स्थिति और डेंगू की चुनौतियों से निपटने के लिए शीघ्र सफाई करने पर विचार किया गया। जिसके लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं सिविल अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ योजना पर चर्चा की गई।



#### बैक लेन की शीघ्र करें सफाई

डेंगू के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सेक्टर-2 क्षेत्र के बैक लेन की दशा का अवलोकन किया गया। बारिश के पूर्व पानी जमाव को रोकने के लिए इन क्षेत्रों की शीघ्र सफाई की व्यवस्था की कार्य योजना बनायी गयी। नगरीय अपशिष्ट के उचित निष्पादन के लिए जवाहर उद्यान के बगल में लैंड फिल का अवलोकन किया गया। तत्पश्चात, एसएलआरएम सेंटर नेवई पहुंच कर वहां चल रहे कम्पोस्टिंग एवं प्लास्टिक प्रोसेसिंग कार्यों का जायजा लिया गया। भिलाईवासियों को डेंगू से सुरक्षित रखने संयुक्त अभियान चलाये जाने एवं कार्य की प्रगति सहित कार्यान्वयन की उत्कृष्टता बनाए रखने योजना पर चर्चा की गयी।

#### वेक्टर जनित बीमारियों से बचने की अपील

बीएसपी का जन स्वास्थ्य विभाग, आम जनों से वेक्टर जनित बीमारियों से बचने व्यक्तिगत स्तर पर किये जा सकने वाले उपायों जैसे प्रति सप्ताह पानी की टंकियों को खाली करना, खाली बर्तन, पुराने टायरों तथा कबाड़ आदि में पानी का जमाव न होने देने की अपील करता है। दौरे में निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव, नगर सेवाएं विभाग महाप्रबंधक केके यादव, नगर सेवाएं-पीएचई उप महाप्रबंधक डीसी सिंह, सहायक महाप्रबंधक सरोज कुमार झा, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक एके बंजारा, वरिष्ठ प्रबंधक मुकुंद दास मानिकपुरी, कनिष्ठ अधिकारी के अलावा धर्मेन्द्र मिश्रा, नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी अजय शुक्ला, जन संपर्क अधिकारी तुषार, जिला स्वास्थ्य विभाग से सैमुअल, जोन पांच नगर पालिक निगम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## एसडीएम ने मौके पर जाकर किया निरीक्षण

# ग्रामीणों को समय पर नहीं मिल रहा चावल व शक्कर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| सेलूद

ग्राम लोहरसी में ग्रामीणों ने एसडीएम पाटन से शिकायत किया था कि उसे दो माह से शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चावल नहीं मिला है। एक माह से शक्कर नहीं मिला है। ग्रामीणों से लगातार शिकायत मिलने के बाद जांच करने एसडीएम दीपक कुमार निकुंज, खाद्य निरीक्षक के साथ मौके पर गए। ग्रामीणों ने बताया कि समय पर उचित मूल्य की दुकान से राशन हो मिलता। इसके बाद एसडीएम ने तत्काल खाद्य निरीक्षक टिकेश्वर साहू को प्रतिवेदन बनाने के निर्देश दिए। इसके अलावा ग्राम फुंडा के राशन दुकान भी गए लेकिन जिस

- खाद्य निरीक्षक को तत्काल प्रतिवेदन देने के दिए निर्देश

समय पहुंचे उस समय राशन दुकान बंद मिला। एसडीएम दीपक कुमार निकुंज ने खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिए की वे लगातार बारी-बारी से सभी राशन दुकानों का निरीक्षण करें।

#### सेवा सहकारी समिति फुंडा भी पहुंचे

एसडीएम दीपक कुमार निकुंज आज लगातार ग्रामीण क्षेत्र के निरीक्षण में रहे। खाद बीज का भंडारण की स्थिति की जानकारी लेने सेवा सहकारी समिति फुंडा पहुंचे। यह पर उन्होंने खाद बीज लेने आए किसानों से चर्चा भी किया। इसके अलावा समिति प्रबंधक से खाद बीज वितरण की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही खाद बीज वितरण और भंडारण का सत्यापन भी किया। उन्होंने खाद बीज की स्थिति का अपडेट प्रतिदिन देने के निर्देश दिए।

### आज होगा अंडर-16 एलीट ग्रुप का फायनल

**भिलाई।** अंडर-16 एलीट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का चार दिवसीय फाइनल मैच दुर्ग एवं रायपुर के मध्य 2 से 5 जून तक कल्याण महाविद्यालय ग्राउंड में खेला जाएगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में गुणवत्ता रखें विशेष ध्यान

### भिलाई निगम आयुक्त ध्रुवे ने किया नवीन निर्माण केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में हो रहे नवीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण को देखने पहुंचे निगम आयुक्त।

जिससे आंगनबाड़ी के निर्माण की गुणवत्ता एवं आवश्यक सुविधा

- पानी, शौचालय व प्रकाश व्यवस्था विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश

में किसी प्रकार की बाधा न हो। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने भ्रमण के दौरान भिलाई निगम क्षेत्र के वार्ड 29 वृन्दानगर में बन रहे नवीन निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने निगम के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक निर्देश दिए कि निर्धारित समय अवधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण सभी आगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण



हो जाना चाहिए। साथ ही आंगनबाड़ी के कमरों का निर्माण, दरवाजे, खिड़की, पानी, शौचालय एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कार्य करें।

आंगनबाड़ी का निर्माण इस प्रकार से किया जाए कि बच्चों को बैठने-खेलने में में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में शासकीय आंगनबाड़ी केंद्र का स्वयं का भवन नहीं होने के कारण किराए के भवनों में आंगनबाड़ी चलना पड़ता है। इसलिए शासन द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद नगर निगम क्षेत्र में शासन के आदेश अनुसार नवीन आंगनबाड़ी का निर्माण किया जा रहा है जो निर्धारित समय में पूर्ण हो जाएगा। जिससे आस-पास के बच्चों को आंगनबाड़ी आने-जाने में सुविधा हो बच्चो के खेलने के लिए भी उपयुक्त स्थल मिल सके।

### निभि ने हटाया नालियों से अवैध कब्जा

**भिलाई।** निगम भिलाई के समीक्षा बैठक शुक्रवार को आयुक्त देवेश कुमार ध्रुवे के निर्देश पर शनिवार को छावनी चौक से एसीसी चौक के मध्य नंदनी रोड मुख्य मार्ग के समीप स्थित व्यवसायियों द्वारा किए गए नाली के ऊपर अतिक्रमण को बेदखली कार्यवाही की गई। 8 जगहों से अतिक्रमण को हटाया गया। लगभग 270 मीटर नाली को सफाई किए जाने सीमेंट कांक्रीट से ढकी हुई नाली को खोला गया। उक्त कार्यवाही के दौरान व्यवसायियों द्वारा विरोध किया जा रहा था। व्यवसायियों को बारिश पूर्व नालियों कि सफाई किए जाने कि बात कहीं। इस कार्रवाई से कुछ व्यापारी सहयोग कर रहे थे।

# आनलाइन ठगी करने वालों पर हो त्वरित कार्रवाई: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सम्पूर्ण प्रदेश की जनता-आनलाइन ठगी का शिकार नित्य प्रतिदिन हो रहे है। अंतराज्यीय ठग गिरोह सक्रिय होकर ठग व फर्जी टास्क इन्वेस्टमेंट में आवेदक को लुभावने प्रॉफिट का लालच देकर इन्वेस्ट करने का लोगों को गुमराह करते है। इसे देखते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सीएम विष्णुदेव साय व मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन को पत्राचार व फोन के माध्यम से अवगत कराया। संपूर्ण राज्य की जनता आनलाइन ठगी का शिकार नित्य-प्रतिदिन हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब समाचार पत्र पर आनलाइन ठगी के शिकार की खबरों के बिना प्रकाशित हुआ है। थानों में कई मामला दर्ज भी है।



- विधायक ललित ने सीएम व मुख्य सचिव को लिखा

सख्त कानून नहीं होने के कारण ठग, ठगी करके आसानी से बच जाते हैं। न्यायालय से भी छूट जाते हैं। आनलाइन ठगी करने वाले को सख्त दण्ड देने के लिए व गैर ज़मानती अपराध की श्रेणी में रखने के साथ ही आनलाइन ठगी के अपराधियों निरुत्साहित एवं हतोत्साहित करने के लिए ऐसे प्रकरणों की सुनवाई फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से की जानी चाहिए। विधायक ललित ने कहा कि आन लाईन ठग करने वालों के लिए एक नया कानून का प्रावधान किया जाए जो जनहित व राज्यहित में आवशयक हो।

## एक अच्छी पहल, बढ़ेगा जल स्तर का स्त्रोत

# जन सहयोग से हो रहा तालाबों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

निगम भिलाई क्षेत्र के तालाबों की सफाई एक प्रमुख समस्या थी। लेकिन एक अच्छी पहल जन सहयोग से शुरू हो गई है। सभी प्रमुख तालाबों की सफाई के लिए लोग आगे आ रहे हैं। लोग अपने घरों से फावड़ा, कुदाली, घमेला, बाल्टी ,बोरी, लेकर निकाल रहे हैं। तालाब की सफाई कर रहे हैं। सब यह कह रहे हैं कि इसकों गंदा भी हम लोग ही करते हैं, तो सफाई कौन करेगा। जब हम तालाब की सफाई करते हैं तब हमें अपनेपन का बोध होता है। इसमें ना कोई छोटा है ना कोई बड़ा है यह सब की सबके निस्तार के लिए जल स्तर बढ़ने के लिए तालाब की सफाई आवश्यकता है।

सफाई में पंडित कमलेश द्विवेदी ने बताया कि धर्म एवं शास्त्र अनुसार हम लोगों को प्रयास



करना चाहिए कि अपने घरों से निकलने वाले पूजा के फूल, कपड़ा, नारियल , तेल , पुरानी किताबें, पुराने फोटो इत्यादि को गड्ढा बनाकर वहीं पर विसर्जन कर देना चाहिए, जो बाद में खाद बन करके धरती माता के गोद में समा जाता है। वहीं सबके लिए हितकारी होगा, बहुत आवश्यक हो तो नगर निगम भिलाई के हर तालाब के किनारे पूजा सामग्री विसर्जन का जो घाट बना है वहां पर जाली लगी रहती है। अति आवश्यक हो तभी वहीं पर डालें जिससे वह भविष्य विसर्जन के लिए अच्छा हो। सफाई अभियान के दौरान नगर के महापौर, नेता प्रतिपक्ष, एमआईसी सदस्य, पार्षद ,सामाजिक, धार्मिक ,आध्यात्मिक, कार्यकर्ता ,खिलाड़ी, युवा, स्थानी माता एवं बहाने ,वरिष्ठ नागरिक, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, समूह की सारी आजीविका मिशन की बहने, संगठिकाएं सभी लोग मिलजुल कर एक ही भाव से सफाई कर रहे थे। संसाधनों का जेसीबी, चैन माउंटिंग, ट्रक, ट्राली ,डंपर, हाईवे, इत्यादि है वे लोग भी तालाब के सफाई में सहयोग करें, एक-एक दिन भी देंगे तो अच्छा सहयोग हो जाएगा नगर निगम के संसाधन सीमित है। कुछ काम ऐसे हैं जो मशीनों के द्वारा ही जल्दी संभव होगा उन सब से आयुक्त ने सहयोग की अपील की है।

### दिव्यांग महिला का सड़क पर शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सड़क किनारे अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। शव को पुलिस ने दुर्ग मरचूरी में रखवा दिया गया है। खबर लिखे जाने तक शव का शिनाख्त पुलिस नहीं कर पाई है। मामला पुलगांव थाना के अंतर्गत नगपुरा चौकी क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि नगपुरा भेड़सर सड़क के किनारे रामबाई के खेत में अज्ञात महिला की लाश मिलने की सूचना पर टीम पहुची थी। महिला की उम्र 40 वर्ष होगा। नगपुरा प्रभारी संतोष साहू ने बताया कि महिला के शव के पास में लाल रंग के कपड़ा, बैगनी रंग की चप्पल पड़ी मिली है। पास में ही मोतीनुमा माला, लाल रंग के रेशमी धागे में ताबीज भी मिली है। महिला के दोनों पैरों पर गोदना का निशान हैं। वह बाएं हाथ से दिव्यांक है। दाहिने हाथ में लाल नीले रंग की चूड़ियां पहनी हुई थी।

### द्वितीय व तृतीय रेण्डमाईजेशन 3 को

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए मतगणना दलों का गठन किया जाना है। इस हेतु मतगणना दल का द्वितीय रेण्डमाईजेशन 3 जून को प्रातः 10 बजे तथा तृतीय रेण्डमाईजेशन 4 जून प्रातः 5 बजे से एनआईसी कक्ष जिला कार्यालय दुर्ग में किया जाएगा।

## बिजनेस साइट

### मोदीकेयर बिज़नेस रोजगार का बेहतरीन अवसर

**भिलाई।** जी हां दोस्तों आपने ठीक पढ़ा, मोदीकेयर बिज़नेस रोजगार का बेहतरीन अवसर है। भिलाई में पासपोर्ट के लिये जाने पहचाने श्रीकांत जैन ने बताया कि हम पिछले 2-3 वर्षों से बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। हम सब कुछ न कुछ करना चाहते है और बहुत से लोग अतिरिक्त आय का साधन भी तलाश रहे है। ऐसे में मोदीकेयर बिज़नेस एक बेहतरीन अवसर है हम सभी कहीं न कहीं से अपनी रोज की जरुरत का सामान खरीद कर ला रहे है। आपको कुछ नहीं करना है बस आपको अपनी दुकान बदलनी है और आपके घर खर्च पर आपको 30 से 50 प्रतिशत की बचत व फायदा शुरू हो जाएगा। आपका फ्री रजिस्ट्रशन होने के बाद अगर आप लगभग 3000-3500 की खरीदारी करते है तो आपको सभी सामान पर 10 से 20 प्रतिशत की छूट के साथ 10 से 15 प्रतिशत का फ्री गिफ्ट तुरंत प्राप्त होगा। आपके बैंक खाते पर 7 से 16 प्रतिशत कैश बेक आयेगा और 6 महीने लगातार खरीदारी करने पर सातवें महीने, आपके औसत खरीदारी का एक महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 17 प्रतिशत और 12 महीने लगातार खरीदारी करने पर तेरहवें महीने दो महीने का सामान फ्री मिलेगा याने 25 प्रतिशत इस तरह से आपको लगभग 50 प्रतिशत की बचत व फायदा हो जाएगा। आप बचत के साथ-साथ अपना खुद का बहुत बड़ा बिज़नेस भी बना सकते है। अधिक जानकारी सड़क-20 स्मृति नगर भिलाई स्थित ऑफिस पर संपर्क कर सकते है। हमारे यहां पासपोर्ट, वीसा, टिकट व पैकेज टूर विशेष ऑफर के साथ उपलब्ध है। श्रीकांत जैन और उनकी टीम पिछले 5 वर्षों से लगातार इस बिज़नेस को पूरे जोश जूनून के साथ कर रहे है, और बहुत से लोगों को बेहतरीन इनकम बनाने पर सहयोग कर रहे है, उनका मानना है कि अगर सिर्फ और सिर्फ दुकान बदलने से 50 प्रतिशत की बचत व फायदा हो बदल सकती है तो एक बार दुकान बदलने पर, सोचना क्या ?





## खबर संक्षेप

### ग्राम भोथली में निषाद केवट समाज बैठक आज

**अंडा।** दुर्ग जिला निषाद केवट समाज द्वारा भरदा-चंगोरी परिक्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाजिक जन जागरूकता अभियान चलाई जाएगी। जिसमें युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद ने बताया कि परिक्षेत्र के सभी गांव में जाकर समाज के युवा, महिला, बुजुर्ग को सामाजिक, राजनीति एवं समाज संगठन को मजबूत करने में परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ द्वारा समाज के सभी 15 गांवों में प्रत्येक रविवार को समाजिक जन जागरूकता अभियान क्षेत्र में चलाई जाएगी। जिसमें प्रथम बैठक कार्यक्रम ग्राम भोथली में 2 जून से की जाएगी। इस कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष हिंन्छा राम पारकर, उपाध्यक्ष सियाराम निषाद, क्षेत्र युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष केशव निषाद, वरिष्ठ युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारी, जिला सहसचिव भीम सिंह निषाद, युगल किशोर, नीलकमल निषाद, बिसेलाल निषाद, रोशन लाल निषाद, धनेश निषाद, राजकुमार निषाद, महेश निषाद, त्रिलोचन निषाद, चिंताराम निषाद, रिखी राम निषाद, युवराज निषाद एवं भरदा-चंगोरी परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह जानकारी युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद ने दी।

### दुर्ग में नहीं हो रही नालियों की सफाई

**दुर्ग।** नगर निगम दुर्ग क्षेत्र में नाली की सफाई एवं मच्छरों की समस्या गंभीर होती जा रही है। नगर निगम द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लगातार शिकायतों के बाद भी नालियों की सफाई नहीं हो रही है।

**कैंप में महा जलसंकट:** लोगों को पेयजल के लिए करना पड़ रहा है मशक्कत

# सूख गए बोर, करोड़ों रुपए खर्च करके बिछाई गई पाइप लाइन, उनमें एक बूंद पानी तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भीषण गर्मी के साथ-साथ महाजलसंकट की तस्वीर एक बार फिर सामने आ गई है। इस बार ये तस्वीर भिलाई शहर के अलग-अलग वार्डों से आ रही है। जहां शहर सरकार हर बार दावा करती है कि पेयजल संकट नहीं रहेगा। लेकिन उनके दावे और वादे हर बार खोखला साबित होते हैं। इस बार भीषण गर्मी के साथ-

- इस बार भीषण गर्मी की वजह से सूख गए तालाब और बोरवेल्स, क्षेत्रीय पार्षद समस्या सुलझाने में नाकाम, कैंप के वार्डों में पानी के लिए हाहाकार.

साथ भीषण जलसंकट नजर आने लगा है। सबसे ज्यादा कैंप इलाके में पानी की समस्या है। कैंप के 12 वार्डों में करोड़ों रुपए खर्च करके पाइप लाइन बिछाई गई थी। लेकिन उन पाइपों में पानी तक नहीं आ रहा है। वो इसलिए कि प्रेशर कम है। जिसकी वजह से नलों में पानी नहीं पहुंच रहा है। वहीं तालाब सूख गए हैं। बोरवेल्स में पानी का सोर्स जीरो हो गया है। अंडरग्राउंड वाटर लेवल लगातार घटते जा रहा है। इसीलिए पानी की समस्या ज्यादा नजर आ रही है। अब बड़ा सवाल ये है कि पानी की समस्या कब तक खत्म होती है।

### इलाकों में पानी की ज्यादा समस्या

शहर के अलग-अलग इलाकों में पानी की समस्या है। इसलिए आप ये नहीं कह सकते कि इस इलाके में ज्यादा संकट है। फिर भी पटरीपार के खम्हरिया, जुनवानी, कोसानगर, सुपेला, कुरुद, कोहका, कैंप, रामनगर, पावर हाउस, खुर्सीपार, छावनी समेत अन्य इलाकों में पेयजल संकट गहराया हुआ है। सबसे ज्यादा पानी की समस्या कैंप के शारदापारा, संतोषीपारा, बैकुंठधाम, मिलन चौक, पावर हाउस, प्रगतिनगर, 18 नंबर रोड समेत आसपास इलाकों में पानी की समस्या नजर आ रही है। यहां पार्षद भी इन समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रहे हैं। अब देखने वाली बात ये है कि पानी की समस्या दूर करने के लिए शहर सरकार क्या करने वाली है...?





### गांवों में भी पेयजल संकटः जल जीवन मिशन का असर कम क्यों...?

शहर ही नहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल संकट नजर आ रहा है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से निपटने के लिए जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों रुपए खर्च किए गए। अब योजना जमीनी स्तर पर उतरी है कि नहीं...? इसी बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि अलग-अलग गांवों से पेयजल संकट की खबरें आ रही है। पिछले दिनों नगपुरा में पेयजल संकट के विरोध में लोगों ने धरना दे दिया था। अब बड़ा सवाल ये है कि पेयजल संकट से निपटने के लिए फंड कहां खर्च किए गए हैं? क्या जमीनी स्तर पर राशि खर्च हुई है...? या फिर सिर्फ कागजों में योजना चल रही है। ये तो बड़ा सवाल है। इस सवाल का जवाब जिम्मेदार अधिकारियों को जरूर देना चाहिए।

### गरीबों की बस्ती में यह हाल, भीषण गर्मी

इस भीषण गर्मी और भीषण पेयजल संकट के बीच हमारे जनप्रतिनिधि स्लम बस्तियों में विजिट करने तक नहीं पहुंचे। जनता को उनके नेताओं का इंतजार है। लेकिन बड़ी कॉलोनियों की ओर रूकसत कर रहे हैं। छोटी बस्तियों से वोट लेने के वक्त बड़े-बड़े वादे करके वोट मांगते हैं जब उनके संकट के वक्त खड़े होने की बारी आती है तो गायब हो जाते हैं। ये बात खुद जनप्रतिनिधियों को सोचना चाहिए।

### विडंबनाः हर बार करोड़ों रुपए खर्च लेकिन जलसंकट अब भी

सबसे बड़ी विडंबना ये है कि हर बार करोड़ों रुपए खर्च पेयजल संकट से निपटने के लिए होता है मगर समस्या की तस बनी रहती है। इन समस्याओं को लेकर भिलाई की शहर सरकार कितनी गंभीर है? इस बात का अंदाजा आप ऐसे लगा सकते हैं कि पानी की समस्या हर बार भीषण होते जा रही है। अमृत मिशन पेयजल योजना और जल आवर्धन योजना-1 और फेस-2 के तहत पानी पर करोड़ों रुपए खर्च किए गए मगर समस्या जस की तस है। पाइप लाइन बिछाने में भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है। ऐसा आरोप विपक्ष में बैठे नेता लगा चुके हैं।

# रियल टाइम ऑटोमेशन सिस्टम से मॉनिटरिंग करने में मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल के सामने, रेलवे की ओर से लॉन्ग रेल के डिस्पैच आर्डर में बढोत्तरी होने के कारण, लॉन्ग रेल के उत्पादन को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने की चुनौती उभर कर सामने आई है। इन चुनौतियों का सामना कर सफलता प्राप्त करने पर, रियल टाइम मॉनिटरिंग ऑटोमेशन सिस्टम की टीम को सम्मानित करने के लिए आरएसएम सभागार में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन महाप्रबंधक तीर्थंकर दस्तिदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में महाप्रबंधक एस चट्टोपाध्याय, महाप्रबंधक वीएस विनय कुमार, एमके साहू, सहायक महाप्रबंधक सुजय कुमार सिंह एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार शुक्ला की उपस्थिति में सभी को उपहार एवं प्रसस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस चुनौती को ध्यान में रखते हुए समस्त क्रिटिकल उपकरणों को पहचानना एवं उनमें होने वाले डाउन टाइम को कम करना था। इसके लिए ये अत्यंत महत्वपूर्ण था कि ड्राइव एवं हाइड्रोलिक मोटर आयल लेवल पैरामीटर को लगातार मॉनिटर किया जाये एवं उसे समय से नियंत्रित किया जाये।

प्रणाली की महत्ता को ध्यान में रखते हुए, विभाग प्रमुख मुख्य महाप्रबंधक (आरएसएम एवं आरटीएस) तीर्थंकर दस्तिदार, महाप्रबंधक (आरएसएम) एस सोरते, महाप्रबंधक (आरएसएम) श्री प्रशांत लाखे, महाप्रबंधक (ए एंड डी) रविशंकर एवं महाप्रबंधक (इंस्ट्रुमेंटेशन) सिमी गोस्वामी के मार्गदर्शन मे प्रणाली को अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया। इस कार्य को निष्पादित करने महाप्रबंधक भूपेंद्र जन्पंगी, प्रशांत लाखे, धुर्जती सिन्हा एवं उप महाप्रबंधक आर के पवार की अगुवाई में सहायक महाप्रबंधक (आरएसएम) अभिलाष गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक (आरएसएम) भूपेंद्र गौर, वरिष्ठ प्रबंधक (आरएसएम) अवनीष मिश्रा की भूमिका रही।

### इनका रहा योगदान

इस कार्य को निष्पादित करने में उप महाप्रबंधक मीना नायक, सहायक महाप्रबंधक गीता प्रसाद, पी के नंदा, वरिष्ठ प्रबंधक नीलेश कुमार जैन, प्रबंधक एस पी राजकुमार, प्रबंधक अंशुल गंगवार एवं सहायक प्रबंधक अर्चित रावत, लक्ष्मी सोम वारा प्रसाद, विकास कुमार, दीपक कुमार महापात्रा, विजय शंकर, राहुल एवं इशान कुमार का योगदान रहा।

# सॉफ्टबॉल महिला टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सत्र 2023-24 में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की 65वीं व अंतिम टीम सॉफ्टबॉल महिला टीम ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की सॉफ्टबॉल महिला टीम 4 से 8 जून तक लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जालंधर पंजाब में आयोजित ऑल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना हुए। प्रस्थान के पूर्व टीम के खिलाड़ियों ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों से मुलाकात किया तथा खिलाड़ियों को ट्रेकसूट, ड्रेस व जूता प्रदान किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अरूणा पल्टा व कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने टीम के खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों में डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, डॉ सुमीत अग्रवाल, डॉ प्रीता लाल एवं हिमांशु मण्डावी उपस्थित रहे। खेल संचालक शारीरिक शिक्षा डॉ. दिनेश नामदेव ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम में कुल 16 खिलाड़ी शामिल है जिनका 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर महिला महाविद्यालय सेक्टर- 9 भिलाई में आयोजित कराया गया। टीम के मैनेजर अरूण चैधरी, क्रीड़ाधिकारी, शास. दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव व कोच पायल डांडेकर है। सॉफ्टबॉल महिला टीम सत्र 2023-24 के 65वीं एवं अंतिम टीम है जो हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के इतिहास में सर्वाधिक संख्या है। टीम में शामिल खिलाड़ियों में शीतल, रितु, उर्मिला भारती, संध्या शासकीय पीजी महाविद्यालय भिलाई 3, जागृति, मोनिका शासकीय गर्ल्स महाविद्यालय दुर्ग, श्रुति मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, ईशा, मुस्कान, वंदना गौतम, सुमन सिन्हा शासकीय दिग्विजय पीजी महाविद्यालय आदि शामिल है।

# सुनील को एससी, एसटी का फेडरेशन का फिर बनाया अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

देशभर से आए विभिन्न पीएसयू प्रतिनिधियों की बैठक अमलापुरम में दो दर्जन से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न क्षेत्र से आए पीएसयू प्रतिनिधियों ने देशभर के कर्मियों और अधिकारियों से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डाला। भारत सरकार के डायरेक्टिव पर अनेक पीएसयू ने प्रबंधक द्वारा परिपालन न करने पर चिंता व्यक्त की गई। साथ ही बैठक में देशभर के विभिन्न पीएसयू को इकट्ठा कर ( परिसंघ ) फेडरेशन बनाने के लिए इस्पात नगरी भिलाई छत्तीसगढ़ के सुनील रामटेक को जो कि विगत 17 वर्षों से सेल एसटी एससी एंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। अपने कार्यकाल में प्रत्येक यूनिट का दौरा किया।

- देशभर से आए विभिन्न पीएसयू प्रतिनिधियों की बैठक अमलापुरम में



सेल के इतिहास में कार्मिकों को एवं अधिकारियों के लिए विभिन्न रचनात्मक कार्य किया। आपात बैठक में निर्णय लिया गया कि उन्हें ही ऑल इंडिया एससी, एसटी का फेडरेशन का अध्यक्ष बनाया जावे। देश के विभिन्न हिस्सों दौरा कर गठन करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभा का संचालन वी रामचंद्रन और आभार प्रदर्शन डीवी लोक ने किया। सुनील रामटेक ने कहा कि विभिन्न प्रतिनिधियों द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी सौंप गई है उसे मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी निभाऊंगा।

# मारपीट और महिला से छेड़खानी करने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

महिला से घर में घुसकर मारपीट कर छेड़खानी करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 452,323,354,34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि आरोपी सतीश ठाकुर, रवि ठाकुर और युवराज ठाकुर नामक युवकों ने महिला के घर में घुसकर मारपीट कर छेड़खानी किया था। महिला ने तीनों आरोपी युवकों का वीडियों बना रखा था। आरोपियों ने महिला से मोबाइल छिना और घर के भीतर ले जाकर हाथ, बाह ,कमर पकड़कर महिला से अश्लील हरकत कर रहे थे। महिला के शोच मचाने के बाद आरोपी युवक फरार हो गए। पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर दुर्ग न्यायलय भेज दिया।



# बीएसपी के साबरमती वेल्डिंग प्लांट ने लॉन्ग रेल का डिस्पैच रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सेल–बीएसपी के साबरमती स्थित फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट (एफबीडब्ल्यूपी) ने मई 2024 में भारतीय रेलवे को पांच रेक में 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल भेज कर एक नया रिकर्ड दर्ज किया है, जो अब तक किसी भी महीने में भेजी गई सबसे अधिक रेक भेजने की संख्या है।

वर्तमान वित्त वर्ष 2024–25 में साबरमती स्थित एफबीडब्ल्यूपी से भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल की कुल सात रेक भेजी गई है। इसमें अप्रैल 2024 में दो रेक भेजे गए और मई 2024 में पांच रेक भेजे गए। पिछले वित्तीय वर्ष 2023–24 में एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से भारतीय रेलवे को 260 मीटर वेल्डेड रेल पैनल के 12 रेक भेजे गए थे। वर्तमान वित्तीय वर्ष में पहले ही सात रेक भेजे जाने के साथ, अब तक एफबीडब्ल्यूपी, साबरमती से भारतीय रेलवे को कुल 19 रेक भेजे जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र और रांची स्थित सेल के अनुसंधान विंग आरडीसीआईएस की कई टीमों ने साबरमती में एफबीडब्ल्यूपी को प्रारंभ करने के लिए कई चुनौतियों का समना किया, जिसमें सेल के मार्केटिंग विंग सीएमओ ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

260 मीटर वेल्डेड रेल पैनलों का पहला रेक साबरमती संयंत्र से नवंबर 2023 को भेजा गया था। एफबीडब्ल्यूपी में वेल्डिंग के लिए इनपुट रेल की आपूर्ति बीएसपी की रेल और स्ट्रक्चरल मिल द्वारा, 26 मीटर लंबाई में की जा रही है। फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट के उपयोग से सेल–बीएसपी से 260 मीटर लंबी रेल की आपूर्ति को बढ़ाने में मदद मिली है। इसके लिए बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने साबरमती वेल्डिंग प्लांट का संचालन और रखरखाव करने वाली पूरी टीम को बधाई दी है।

**बीएसपी की एक और उपलब्धि**



**बेहतर कार्यशैली के लिए पिछले वर्ष पीएम ने की प्रशंसा**

# मेजर राव का भिलाई में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

देश की सीमाओं पर अपनी जान हथेली पर रखकर भारतवर्ष तथा भारतीयों की रक्षा करने वाले वीर जवानों का अपने सेवाकल को पूरा कर लौटना एक नए जीवन मिलने के बराबर होता है। सेना में सेवा देने वाले के परिवार वालों में हमेशा एक डर रहता है, कहीं सीमा पर तैनात हमारा अपना बेटा, पिता, पति किसी दुश्मन की गोली का शिकार ना हो जाए।

लेकिन वहीं सैनिक जब अपनी सेवाएं पूरी कर अपने घर वापस लौटता है तो परिवार, दोस्त, संबंधी, नाते-रिश्तेदारों की खुशियों को ठिकाना ही नहीं रहता है। आज ऐसा ही माहौल शनिवार दोपहर को भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन में उस वक्त नजर आया जब भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए सूबेदार मेजर एमएस राव जोन-3 खुर्सीपार भिलाई निवासी ने शहर की जमीन पर अपने कदम रखें। उनके कदम रखते ही परिवार व समाज के लोगों ने फूल-मालाओं से उनका जबरदस्त स्वागत किया गया। वहीं ढोल-नगाड़े के गूंज गूंजती रही स्टेशन परिसर पर समाज सेवी वी वायकुंठ राव ने बताया कि सूबेदार मेजर एम एस राव ने वर्ष 1994 में भारतीय सेना ज्वाइन की थी। उन्होंने भारतीय सेना में कई प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त किया है।

एमएस राव ने आपरेशन स्टार ,आपरेशन विजय सहित कारगिल युद्ध में भी भाग लिया लेह लद्दाख सहित विभिन्न जगह पर अपनी कड़ी मेहनत के साथ ड्यूटी दिया बेहतर कार्यशैली के लिए पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रशंसा भी प्राप्त किया। सैनिक के सकुशल सेवानिवृत्त होकर भिलाई लौटने पर परिवार व सामाजिक लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। सूबेदार मेजर एमएस राव ने सामाजिक मित्रों का आभार जताते हुए अपने सेना के अनुभवों को सबसे के साथ साझा किया तथा भिलाई के नौजवानों से भारतीय सेना में जाकर भारत माता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर के उमाशंकर राव वरिष्ठ समाज सेवी भिलाई वैशाली नगर विधायक प्रतिनिधि बी रामाराव, पप्पू यर्रन्ना, डी यसैया,वी मोहन राव, एम दालैया, गोपाल राव, वी लोकनाधम, वी नीलकंठेश्वर राव सहित तेलुगु समाज के सैकड़ों महिला पुरूष रहे उपस्थित थे।









04

जियोर्जियो की बहार

**अमलेश्वर में शिव महापुरान कथा के छठवें दिन शिवभक्तों का उमड़ा जनसैलाब, तपती धूप में भी बैठकर कथा सुनते रहे भक्त**



# अपना जीवन श्रेष्ठ करने के लिए चार गुरुओं का मार्गदर्शन जरूरी- पं. मिश्रा

भिलाई। अमलेश्वर में शिवमहापुराण के छठवें दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने कहा कि अपने पूरे जीवन में चार लोगो का संग कर लो। जो मार्गदर्शन कराता रहे और जिंदगी को आगे ले जाएं। पहला माता, दूसरा पिता, तीसरा शिक्षक और चौथा सद्गुरु। लेकिन आज के दौर में लोग पहले मार्गदर्शक माता को चौथे स्थान पर ला दिया है और चौथे को पहले में। यह श्रेष्ठता नहीं है। रविवार को विराम दिवस की कथा सुबह 8 बजे से 11 बजे तक होगी।



### प्रत्येक मनुष्य का चार स्थान पर पाप चढ़ जाता है

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य का चार स्थान पर पाप होता ही है। पहला जब झाड़ू लगाए या साफ सफाई करे। दूसरा आग जलाते समय कीट पंतगे भी जल जाते हैं। तीसरा कपड़ा धोते या स्नान करते समय छोटे जीव-जन्तु मर जाते हैं। चौथा चलकर कहीं जा रहे हो तो छोटे जीव पैर में दबकर मर जाते है। पं. मिश्रा ने कहा कि शिवालय या मंदिर में प्रतिदिन जाना चाहिए। जैसे ही शिवजी के सामने सिर झुकाओगे पाप नीचे गिर जाता है।

### शिवालय में सफाई के दौरान जीव जन्तु की मृत्यु से गति

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने कहा कि जब हम शिवालय या मंदिर की साफ-सफाई कर रहे होते हैं तो अनाायास की कोई चीटी या जीव जन्तु मर जाते हैं तो उसे गति मिल जाती है। यह कार्य जानबूझ कर किया गया न हो। प्रयास करें कि ज्यादा संख्या में चीटी हो तो उस पर थोड़ा जल डालकर वहां से भगाने का प्रयास करें।

### माता-पिता का आदर-सम्मान से गणेश जी प्रथम पूज्य हुए

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने भगवान गणेश और कार्तिकेय की कथा को बताते हुए कहा कि माता पिता का आदर-सम्मान करने की वजह से भगवान गणेश प्रथम गिनती का वर पाए। उन्होने कहा कि गणेश जी ने आने माता-पिता में पूरे ब्रम्हांड को देखा।

### इसलिए नहीं होती शिवजी की पूरी परिक्रमा

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने बताया कि भगवान शिव की परिक्रमा पूरी नहीं की जाती। भगवान शंकर ने अपने पुत्र कार्तिकेय और गणेश जी को पूरी पृथ्वी का चक्कर लगाने कर वापस आने कहा। जो पहले आएगा उसे वर मिलेगा। कार्तिकेय अपनी सवारी मोर पर सवार होकर पृथ्वी का चक्कर लगाने निकल पड़े। गणेश जी अपने सवारी मूषक में सवार हुए और उन्होने बुद्धि से काम ली। अपने पिता शंकर और माता पार्वती का परिक्रमा लगा ली। शंकर भगवान ने गणेश जी को वर दे दिया कि 33 कोटि देवी देवताओं में सबसे पहले पूजन होगी। कार्तिकेय आए तो देखा कि गणेश जी को वर दे दिया गया है तो वे नाराज हुए। तब माता पार्वती ने शिव जी से कहा कि तुम्हारा निर्णय अच्छा नहीं है। शंकर से वचन मांगा कि आज के बाद आपकी कभी पूरी परिक्रमा नहीं होगी।

### अनुष्ठान का कलश कार्तिकेय का पूजन

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने कहा कि शिवजी ने माता पार्वती के कहने पर कार्तिकेय को भी पहले पूजन में स्थान दिया। जो घर के अंदर पूजन, अनुष्ठान या शुभ कार्य में गणेश जी के साथ कलश रखवाएगा उसे कार्तिकेय के भाव से मान्य होगा। केवल एक मां अपने बच्चे को रोता हुआ देख नहीं सकती। उसके लिए सभी बच्चे समान होते हैं।

### गौमाता को हरा घास खिलाने से मिला मोक्ष

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने ताड़कासुर के पिता बजरंगासुर के मोक्ष की कथा सुनाई। उन्होने कहा कि ताड़कासुर राक्षस के पिता बजरंगासुर और उनकी माता बारंगी शिव के उपासक थे। एक दिन बजरंगासुर की मौत हो गई और वह असुर होने की वजह से प्रेत योनि में पड़ गया। बारंगी सरोवर से शिवजी को चढ़ाने जल ले रही थी तभी उसकी कानों में बजरंगासुर की आवाज आई कि वह प्रेत योनि में है उससे मुक्ति दिलाने का उपाय करों। यह बात ताड़कासुर को मालूम पड़ा तो उसने सभी लोकों के देवताओं को बंधक बना लाया और कहा कि पिता को किस लोक में भेजना है बताओ। बारंगी ने कहा कि मोक्ष केवल देवाधिदेव महादेव दे सकते हैं जो कैलाश में रहते हैं। ताड़कासुर ने अपनी माता बारंगी को उठाया और कैलाश ले गया। यहां महादेव पर बारंगी ने जल चढ़ाया। महादेव ने कहा कि मोक्ष के लिए गौ माता को हरी चारा खिलाओ। ताड़कासुर ने हरी घास खिलाई तो गौमाता नहीं खाई। ताड़कासुर क्रोधित हो उठा। भगवान शिव व माता पार्वती ने कहा कि हरी घास बारंगी अपने हाथों से खिलाए। तब बारंगी ने हरी घास खिलाई । प्रदोष के दिन गौ माता को हरी घास खिलाने से मोक्ष मिलेगा और 71 पीढ़ी भी पार हो जाएगी।



### लाखों भक्त भोलेनाथ के भजन में झूमे

कथा के दौरान अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा के कैलाश पर्वत पे चढ़ गयो रे ,आज भोला फूलों से सज गयो रे... की भजन में लाखों शिवभक्त जमकर थरके।उनके साथ आयोजन समिति के परिवार के सदस्य भी कदम में कदम मिलाकर शिवभक्तों का उत्साह बढ़ाया।



### निंदा से उन्नति की सीढ़ी चढ़ता है व्यक्ति

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा का कहना है कि आपकी निंदा या बुराई कोई करें तो उसे अपने दिल पर न लें। बल्कि निंदा से व्यक्ति उन्नति की सीढ़ी चढ़ता है। उन्होने उदाहरण देते हुए कहा कि प्रशंसा या तारीफ आपकी डिग्री से या योग्यता से मिल सकती है पर निंदा आपकों डिग्री या योग्यता से नहीं मिलती। शिवालय जाते हो तो महादेव से एक यह भी प्रार्थना किया करों कि निंदा सुनने की ताकत हमें देना।

### देश में मोदी और कथाओं में प्रदीप मिश्रा की सबसे ज्यादा निंदा

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने कहा कि देश में यदि सबसे ज्यादा निंदा होती है तो एक हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कथाओं में पं. प्रदीप मिश्रा। उन्होने कहा कि मोबाइल से तुम सेल्फी लेते हो वैसा ही हम भी लेते हैं। फर्क है इतना कि तुम यहां फोटो खींचते हो और हम तुम्हें शंकर की ओर खींचतें हैं।

### ओरिजनल छत्तीसगढ़िया कभी झूठ नहीं बोलता

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया। इसलिए कि यदि ओरिजनल छत्तीसगढ़िया है वह भले ही अभावों में जी लेगा लेकिन झूठ कभी नहीं बोलेगा। धोखा नहीं देता। लूटता नहीं। दो रोटी आचार से खा लेगा।

### आज बहू-बेटी पूर्ण समर्पित

अंतर्राष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पं. मिश्रा ने कहा कि यह दौर कलियुग नहीं शिवयुग का है। आज की बेटी या बहू पूर्ण समर्पण रखती है।यदि सास-ससुर का सिरदर्द हो रहा है या तबियत बिगड़ी तो बहू भी अपने पति को फोन कर कहती है कि मम्मी-पापा को हॉस्पिटल ले जाओ। तुममें वह बल होना चाहिए कि घर में कोई नहीं हो तो खुद ही हॉस्पिटल लेकर जाओ।




### सांसद विजय बघेल , पूर्व सीएम भूपेश, विधायक गजेंद्र यादव ने लिया आशीर्वाद

शिवमहापुराण की कथा में सांसद विजय बघेल , पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक दुर्ग गजेंद्र यादव पहुंचे और महाराज पं. प्रदीप मिश्रा से आशीर्वाद लिया। इसके पूर्व व्यासपीठ का पूजन आयोजनकर्ता दुर्ग जिला पंचायत सदस्य मोनू साहू, पवन खंडेलवाल, उमा खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल, बसंत अग्रवाल, जूही खंडेलवाल, सागर खंडेलवाल, खोमलाल साहू, गुलाबी बाई साहू आदि ने किया।







**ब्लास्ट फर्नेस के एस.जी.पी. में विदाई एवं कर्मनिष्ठ पुरुस्कार समारोह सम्पन्न**

कार्नर न्यूज

# कुशल व अनुशासित श्रमिकों को मिला कर्मनिष्ठ पुरुस्कार, सेवानिवृत्त कार्मिकों को दी विदाई



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस विभाग के एसजीपी जनकल्याण समिति द्वारा विभाग के सेवानिवृत्त कार्मिक का विदाई समारोह एवं कॉन्ट्रैक्टर लेबर को कर्मनिष्ठ पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

विभाग में एसजीपी इलेक्ट्रिकल के विनोद दास वरिष्ठ प्रबंधक के पद पर रहते हुए 35 साल तथा एसजीपी के ही ऑपेरशन के मुन्नाराम ध्रुव मास्टर ऑपरेटिव पद पर रहते हुए 31 साल की लंबी अवधी तक सेवा देते हुए 31 मई को भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवा से निवृत्त हुए। स्लैग ग्रेनुलेशन प्लांट के जन कल्याण समिति ने विभाग में ही विदाई समारोह में सेवानिवृत्त पर सम्मान किया गया। साथ ही विभाग के कुशल, अनुशासित व श्रेष्ठ श्रमिकों को कर्मनिष्ठ पुरुस्कार प्रदान किया गया। कर्मनिष्ठ पुरुस्कार रेखलाल यादव, पीताम्बर लाल साहू व टूमनलाल लोधी को दिया गया।



सभी उच्चाधिकारियों ने विनोद दास एवं मुन्नाराम ध्रुव के कार्यकाल को याद कर स्वस्थ रहते हुए सेवानिवृत्त होने व भविष्य की शुभकामनाएं दी।

समारोह में राजेश गायकवाड़ जीएम, सुमीत चौधरी जीएम, पी भोई जीएम, एसके आडिल डीजीएम, एनके साल्वटकर एजीएम, अजय अडकने डिप्टी मैनेजर उपस्थित थे।

विदाई व सम्मान समारोह में जनकल्याण समिति के नए अध्यक्ष के रूप में आत्माराम नायक जूनियर ऑफिसर एवं उपाध्यक्ष के लिए शिवकुमार राठौर चार्ज मैन को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

पदभार स्वीकार करते हुए आत्माराम नायक ने समिति के उद्देश्य को सामने रखा तथा सभी वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी साथियों व ठेका श्रमिकों से जनकल्याण समिति के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग की अपील की।

विनोद वासनिक, शिवकुमार राठौर, संतन लहरे, गोपाल भीमटे ने भी सेवानिवृत्त दोनों सदस्यों को बधाई संदेश दिया। सचिव विजय वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष चुन्नीलाल ठाकुर, दिग्विजय सिंह, मंगल दास सहित अन्य कार्मिकों एवं श्रमिकों की उपस्थिति रही।

सिटी इवेंट

## गुरुदेव की शहीदी गाथाओं का श्रद्धालुओं कर रहे हैं श्रवण



**भिलाई।** गुरुद्वारा गुरु अरजन देवजी हाउसिंग बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में शनिवार को समाज के लोगो ने अपनी जीवनशैली को गुरूओं के समर्पण भाव में ढालकर समाज हित में अपना जीवन समर्पित करने का प्रण लेकर शहीदी पर्व मनाया।

सभी गुरुद्वारों के अनुकरण के आधार पर सिख धर्म के पांचवें धर्मगुरु गुरु अरजन देव की मर्मस्पर्शी शहीदी की याद में समाज में सुख ,शांति व सुरक्षा की कामना व अरदास से अनवरत प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6 बजे तक सुखमनी साहेब के पाठ का वाचन लगातार 40 दिनों तक किया जा रहा है। आज पाठ की समाप्ति पर उपस्थित सभी समाज के श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के रागियों द्वारा सजे कीर्तन दरबार में गुरु की कुर्बानियों एवं परमात्मा की महिमा के वर्णन को कीर्तनों, कथाओं के माध्यम से सुना और कार्यक्रम की समाप्ति के बाद गुरु को भोग लगाकर कढ़ाह प्रसाद एवं लंगर का वितरण उपस्थित श्रद्धालुओं में किया गया। संगत को बताया गया कि शहीदों के सरताज एवं शान्तिपुंज, आध्यात्मिक जगत में सर्वोच्च स्थान प्राप्त अरजन देव को ब्रह्मज्ञानी कहा जाता है। गणना की दृष्टि से गुरुग्रंथ साहिब में सर्वाधिक वाणी गुरु की ही है। वे शांत और गंभीर स्वभाव के स्वामी थे। वे दिन-रात संगत सेवा में लगे रहते थे। उनके मन में सभी धर्मो के प्रति अथाह स्नेह था। मानव-कल्याण के लिए उन्होंने आजीवन शुभ कार्य किए। अनेक कष्ट झेलते हुए गुरुजी शांत रहे, उनका मन एक बार भी कष्टों से नहीं घबराया। गुरु साहेब को तपते तवे पर बिठाकर ऊपर से गर्म रेत डाली गई। वे सभी कष्ट हंसते-हंसते झेलकर यही अरदास की। तेरा भाणा मीठा लागे। हरि नाम पदारथ नानक मांगे। इसी प्रकार संगत को भी परमात्मा का हर एक हुक्म सहर्ष स्वीकार करना चाहिए।किसी भी परिस्थिति में घबराना नहीं चाहिए। शहीदी पर्व में देशहित में समाज के गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष जसवीर सिंग के साथ अन्य सदस्यों ने गुरु देव के त्याग व स्वभाव को अंगीकार करने शपथ ली।



● समर कैंप में बच्चों की प्रतिभा आ रही है उभरकर

# कुकिंग व प्रेजेंटेशन में अपनी प्रतिभा दिखाकर बच्चें बने मास्टर शेफ, आज मिलेगा खिताब

**भिलाई।** मैगी कबाब, शाही पेट्रो, खोया नूडल्स, चायनीज पास्ता, फ्रुट कस्टर्ड, पोटेटो कटलेट, सेंडवीज, शाही ब्रेड दही बड़ा, पिज्जा, बर्गर.... जैसे स्वीट डीश व फास्ट फूड बच्चों के पसंदीदा आयटम को बच्चों ने ही बनाया और अपने स्टॉल में खूबसूरती के साथ प्रेजेंटेशन दिया। जजेस ने सभी के स्टॉल में जाकर नन्हे हाथों से बने व्यजंनों का स्वाद चखा तो उन्होंने दांतों तले उंगलिया दबा ली। जजेस ने बच्चों की अद्भुत कुकिंग प्रतिभा की जमकर सराहना की। अवसर था नृत्य कला मंदिर द्वारा आयोजित समर कैंप में कुकिंग कॉम्पिटिशन का। नौतपे के साथ बढ़ रही गर्मी को देखते हुए समर कैंप का समापन हो चुका है। लेकिन वहीं कई स्थानों में आयोजित समर कैंप में जैसे जैसे गर्मी का पारा बढ़ रहा है वैसे वैसे बच्चों में सीखने की क्षमता भी बढ़ रही है। इसी कड़ी में नृत्य कला मंदिर के तत्वावधान में पिछले एक महिने से आयोजित समर कैंप में ढाई साल से लेकर 18 साल के बच्चें कुकिंग, पेंटिग, रंगोली, मेंहदी, क्ले आर्ट, डांसिग व कराटे सहित अनेक एक्टिविटी में पारंगत हो रहे है।



### साल दर साल निखरी प्रतिभाएं

समर कैंप में कल बच्चों के द्वारा व बच्चों के लिए कुकिंग कांपीटिशन का आयोजन ठेठवार भवन रिसाली में किया गया था। इस दौरान छोटे बच्चों ने अपने नन्हें-नन्हें हाथों से कुकिंग की प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक स्टार्टर व डेजर्ट का स्वाद व उसके प्रेजेंटेशन को देखकर जजेस भी अचंभित रह गए। जिससे उन्हें निर्णय देने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सभी 55 प्रतिभागी मास्टर शेफ बनने की होड़ में लगे हुए थे। जहां छोटे बच्चों ने फायरलेस कुकिंग में अपना हुनर दिखाया वहीं बड़े बच्चों ने स्वादिष्ट डेजर्ट व र्स्टाटर में शेफ का खिताब अपने नाम करने काफी मेहनत की। मीठे व नमकीन आयटम का जजेस ने स्वाद लेकर सभी प्रतिभागियों की सरहाना की। नृत्य कला मंदिर की डायरेक्टर रानी नंदिनी ने बताया कि एकेडमी द्वारा पिछले 14 वर्षो से समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हर साल आने वाले बच्चों की प्रतिभाएं निखरी है और कई बच्चें कैंप में पेंटिग, रंगोली, मेंहदी, डांस सहित अनेक विधाओं को सीखकर उसी फिल्ड में अपना और एकेडमी का नाम रौशन कर रहे है।



बच्चों को घर में कुकिंग नही सीखाया जाता और पेरेट्स भी डर से कुकिंग नही करने देते। फिर जब वही बच्चें जब 10वीं या 12वीं पास कर बाहर पढ़ने जाते है तब उन्हें अखरता है कि बेसिक कुकिंग अपने बच्चों को सिखाना था। इसी उद्देश्य को लेकर समर कैंप में छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चों को कुकिंग में भी पारंगत करने के उद्देश्य से यह कांपीटिशन प्रतिवर्ष कराया जाता है। जिसमें बच्चें घर से आइटम बनाकर लाते है और यहां उन्हें अकेले प्रेजेंटेशन करना होता है। इस बार इस प्रतियोगिता में लगभग 60 बच्चों ने भाग लिया था।

### स्पेशल ट्रेनर्स ने दी ट्रेनिंग

रानी नंदिनी ने यह भी बताया कि ऐकेडमी द्वारा आयोजित समर कैंप में इस वर्ष भी डेढ़ सौ से अधिक बच्चें सभी एक्टीविटी में स्पेशल ट्रेनर्स के मार्गदर्शन में सीख रहे है। जिसमें रंगोली में डिजाइन व रंग कांबीनेशन की जानकारी रंगोली आर्टिस्ट आर के भीमा द्वारा दी गई है तो वही मेंहदी के बारीकियों की जानकारी दुर्ग की रुपल व पलक गुप्ता ने दी। साथ ही ऐकेडमी की ट्रेनर्स स्मिता कश्यप, गायत्री अग्रवाल, ऊषा चंद्राकर, प्रतिमा यादव, सविता भारती व इंदु बच्चों को सभी गतिविधियों में पारंगत किया।

### आज होगा कैंप का समापन

लगभग डेढ़ महिने तक चले समर कैंप का आज शाम 5 बजे से ओए बिल्डिंग सिविक सेंटर में समापन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें शहर के गणमान्य जन शिरकत करेंगे।

हेल्थ लाइव

## वर्ल्ड नो टोबेको डे पर युवाओं को किया जागरुक, दिया संदेश



**भिलाई।** वर्ल्ड नो टोबेको डे के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर चरोदा में उप स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा तंबाकू निषेध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मनुष्यों के सेहत पर तंबाकू उत्पादों और धूम्रपान से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गई। आज मुंह के कैंसर होने का सबसे बड़ा कारण है सिगरेट, बीड़ी से निकलने वाले धुंए से समीप बैठे व्यक्ति को भी अत्यधिक नुकसान होता है। इस दौरान लोगों को व्यसन मुक्त जीवन शैली अपनाने प्रेरित किया गया। मौके पर स्वास्थ्य कर्मी वर्षा सुल्लेरे, शांता पाटिल समेत सामान्य जन उपस्थित रहे।



## आम पना...



**भिलाई।** टाउनशिप में गर्मी के दिनों में आम पना कुछ हद तक हीटवेव से बचने के लिए राहत दे रहा है। जगह-जगह आम पना, बेल शरबत व अन्य ठंडे पेय पदार्थ सूखे कंठ को तर कर रहे है।

*(फोटो संजय पांडेय)*

बीएसपी में 37 वर्षों तक दी सेवाएं


# बीएसपी के मुख्य महाप्रबंधन तपन को दी भावभीनी विदाई



**भिलाई।** बीएसपी की सेवा से मई 2024 माह में सेवानिवृत्त हुए मुख्य महाप्रबंधक (सामग्री प्रबंधन) तपन कुमार के लिए बीएसपी बिरादरी ने एक विदाई समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन इस्पात भवन के डीआईसी कांफ्रेंस हल में किया गया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) निशा सोनी ने, सेवानिवृत्त हो रहे तपन कुमार को सेवानिवृत्ति आदेश और सेवा प्रमाण पत्र सौंपा। इस अवसर पर उनके साथ उनकी पत्नी अर्चना कुमार, उनके बेटे और बेटी भी उपस्थित थे। अनिर्बान दासगुप्ता ने बीएसपी बिरादरी की ओर से तपन कुमार को विदाई देते हुए सेवानिवृत्ति के बाद उनके स्वस्थ और सुखद जीवन की कामना की। तपन कुमार को भिलाई इस्पात संयंत्र में 37 वर्षों की सेवा के दौरान उनके सराहनीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया गया। तपन ने बीएसपी एवं स्टील अथरिटी अफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में अपने सेवा अनुभव और सेवानिवृत्ति के बाद भविष्य की योजनाओं को साझा किया। नई दिल्ली के रहने वाले तपन कुमार ने बी कम (अनर्स) में स्नातक की उपाधि ली है। कुमार 25 अक्टूबर 1986 को सेल में भिलाई इस्पात संयंत्र में प्रबंधन प्रशिक्षु (प्रशासनिक) के रूप में शामिल हुए थे। बीएसपी में 37 वर्षों की अपनी लंबी सेवा के दौरान तपन कुमार ने वित्त एवं लेखा विभाग और पर्चेज विभाग में विभिन्न पदों पर कार्य किया और मुख्य महाप्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए। तपन कुमार ने 2 नवम्बर 1987 को कनिष्ठ प्रबंधक के रूप में वित्त एवं लेखा विभाग में अपना पदभार सम्भाला। 30 जून 1993 को उनकी पदोन्नति वित्त एवं लेखा विभाग में उप प्रबंधक के रूप में हुई। 30 जून 1996 को बीएसपी के पर्चेज विभाग में प्रबंधक के रूप में जुड़े और 27 सितम्बर 2019 को पर्चेज विभाग के महाप्रबंधक बने।

आयोजन

## आर्ट ऑफ लिविंग का आनंद अनुभूति शिविर 4 जून से



**भिलाई।** श्रीश्री रविशंकर द्वारा संचालित आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा आनंद की अनुभूति शिविर दुर्ग के वाणी होटल रेलवे स्टेशन के सामने 4 जून से 9 जून तक सुबह 6 बजे से 9 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य के लिए लाभदायक सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है। यह एक श्वास तकनीक है जिसके द्वारा शरीर और मन को स्वस्थ रखा जा सकता है और यह व्यक्ति में ऊर्जा के स्तर को बढ़ाता है। इस शिविर में अनुभवी शिक्षकों के माध्यम से ज्ञान, ध्यान, प्राणायाम, योग का अनुभव कराया जाता है। संस्था के शिक्षक हरि ने बताया कि इसमें 18 वर्ष के ऊपर सभी व्यक्ति भाग ले सकते हैं। सुदर्शन क्रिया में श्वास के माध्यम से जीवन को तनाव मुक्त, सकारात्मक विचारों वाला मन व स्वस्थ शरीर किस प्रकार रखा जाए यह सिखाया जाता है।शिविर पूर्व पंजीयन के लिए पंजीयन कराना जरुरी है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा किया गया आयोजन

# नशे को छोड़ने का दृण संकल्प होना जरुरी, राजयोग करेगा मदद: ब्रम्हाकुमारी वर्षा

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग बोर्ड एचआईजी 1083 के तत्वावधान में रामलीला मंच कुरूद में नशा उन्मूलन कार्यक्रम का निशुल्क आयोजन किया गया। जिसमें कई गणमान्य सदस्यों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान ग्राम कुरूद को नशा मुक्त बनाने का सभी से संकल्प दिलाया गया। साथ ही सभी ने शपथ लेते हुए कहा कि हम अपने लक्ष्य उच्चतम बनाएंगे और किसी भी तरह के व्यवसन से स्वयं को भी मुक्त रखेंगे। हम अन्य आत्माओं को भी मुक्त होने की प्रेरणा देंगे। नशा उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान ब्रह्माकुमारी वर्षा बहन ने अपने उद्बोधन में कहा कि नशा तो सभी करते हैं जैसे किसी को चाय का नशा, तो किसी को खाने के बाद मीठा चाहिए, तो किसी को मोबाइल का।




### स्वंय को बदलने की भावना होनी चाहिए

हर एक को किसी न किसी प्रकार का नशा है लेकिन किसी नशे में बहुत ज्यादा नुकसान है और किसी में कम। बस अंतर इस बात का कि हम अपने जीवन में गलत नशे को छोड़ना चाहते हैं, तो उसके लिए उससे अधिक नशा होना चाहिए और वह है परमात्मा में लीन होने का नारायणी नशा। जब परमात्मा को पाने का नशा होगा तो यह नशा अपने आप छूट जाएगा। परंतु इसके लिए हमारे अंदर भी स्वयं को बदलने की भावना एवं दृण संकल्प होना चाहिए कि मुझे परिवर्तन करना ही है और इसके लिए राजयोग बहुत मदद करता है।

### नशा मुक्ति थीम पर दारू नहीं दूध पियो

राजयोग के अभ्यास से अनेक के व्यवसन दूर हुए हैं और भी बहुत सारे उदाहरण देकर नशा मुक्ति के बारे में समझाया गया। अंत में सभी को योग की अनुभूति कराई गई एवं सभी से नशे से दूर रहने की प्रतिज्ञा भी कराई गई। नशा मुक्ति के इस आयोजन का थीम दारू नहीं दूध पियो, शराब नहीं शरबत का सेवन करो था। सभी को कार्यक्रम के बाद शरबत पिलाया गया। इस आयोजन का सभी ग्राम वासियों ने लाभ लिया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हाउसिंग बोर्ड द्वारा सात दिवसीय शिविर का भी आयोजन किया गया है जो सभी के लिए निशुल्क रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि कुरुद पार्षद अनीता साहू ने कहा कि नशा तो समाज के लिए बहुत घातक है और ब्रह्माकुमारी बहनें जो कार्य कर रही है सराहनीय है। इस कार्य में हम सभी को विशेष सहयोगी बनना चाहिए। उन्होंने सभी से इस निशुल्क शिविर का लाभ लेने की बातें कहीं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### राजधानी के हिमांशु ने जंप रोप में बनाया विश्व रिकार्ड



**रायपुर।** छत्तीसगढ जंप रोप एसोसियेशन में राजधानी के अंतर्राष्ट्रीय जंप रोप खिलाड़ी हिमांशु कश्यप ने दिल्ली के जोरावर सिंह का रिकार्ड जो आज से तीन वर्ष पूर्व बना था उसे तोड़ दिया है। जोरावर सिंह ने रोलर स्केटिंग पहनकर जंप करके यह रिकॉर्ड बनाये थे। उस समय दोनो पैर का काउंट करके 132 था जो उन्होंने 16 अक्टूबर 2018 को दर्ज किया था। इसके पूर्व यह रिकार्ड रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय जंप रोप खिलाड़ी राजदीप सिंह हरगोत्रा के नाम था। जो उन्होंने अगस्त 2011में बनाया था। हिमांशु ने राजदीप के 12 साल पुराना रिकार्ड एवं जोरावर के 5 साल पुराना रिकार्ड को ध्वस्त किया। यह उपलब्धि हिमांशु ने 2023 में ही हासिल कर ली थी पर उसका प्रमाण गिनीज कार्यालय से अब प्राप्त हुआ है।

### राज्य शतरंज चयन स्पर्धा का आगाज 7 जून को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के



मार्गदर्शन व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में पिथौरा में 7 जून से 10 जून तक सीनियर महिला-पुरुष का छत्तीसगढ़ राज्य फीडे रेटिंग शतरंज चयन स्पर्धा का आगाज होने जा रहा है। इस स्पर्धा में अब तक बस्तर, दुर्ग, बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा, महासमुंद, राजनांदगांव, कोरबा, बलौदाबाजार, मुगेली, जशपुर,कवर्धा,बालोद,रायगढ़, दंतेवाड़ा और अंबागढ़ चौकी से 80 खिलाड़ियों ने पंजीयन करा लिया है। जांजगीर-चांपा ,बैकुंठपुर कोरिया,बलरामपुर व मनेंद्रगढ़ जिले से भी जिला इकाइयों ने जिला चयन स्पर्धा कराकर खिलाड़ी भेजने की जानकारी दी है। उक्त स्पर्धा में 100 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई थी। 3 जून रात्रि 9 बजे तक खिलाड़ी 250 रुपए विलम्ब शुल्क के साथ स्पर्धा के लिए अपनी प्रविष्टि ऑनलाइन जमा कर सकते है। स्पर्धा में हिस्सा लेने हेतु सभी खिलाड़ियों का राज्य व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन का जीवित पंजीयन आवश्यक है। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी के कुशल निर्देशन में आयोजन समिति गठित कर ली गई है जिसमें अनीश अंसारी अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक को चीफ आर्बिटर, टेक्निकल हेल्प हेतु,रॉकी देवांगन, आवास व्यवस्था संजय श्रीवास्तव, कमरा एलॉटमेंट लोकनाथ पटेल, पंजीयन कक्ष यशवंत चौधरी,कार्यक्रम संयोजक ईश्वर सिंह राजपूत,मंच संचालन बीजू पटनायक,अतिथि स्वागत डॉ डी एन साहू, एआइसीएफ व सीजीएससीए रजिस्ट्रेशन हेतु ओमप्रकाश को जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी राज्य सचिव हेमन्त खुटे से संपर्क कर सकते हैं। स्पर्धा में जिले के बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए अग्रसेन भवन में रुकने की निशुल्क व्यवस्था की गई है। हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया पिथौरा अंचल में शतरंज का बेहतर माहौल व शतरंज के अच्छे खिलाड़ी तैयार करने के उद्देश्य से जिला शतरंज संघ द्वारा नाइट चेस क्लब का शुभारंभ खेल मैदान के सामने 7 से 10 जून के दरमियान किया जाएगा। जिसका उदघाटन शतरंज के राष्ट्रीय खिलाड़ी व शतरंज पहेली के स्तंभकार एम चंद्रशेखर करेंगे।

### बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में एयू ने दर्ज की दूसरी जीत

**रायपुर।** अंतर विश्वविद्यालय पुरुष बॉल



बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 31 मई से 3 जून तक जेप्पियार यूनिवर्सिटी चेन्नई तमिलनाडु में जारी है। अटल बिहारी बाजपेई यूनिवर्सिटी बिलासपुर के कोच सूरज नायक ने बताया कि विवि की टीम का दूसरा मुकाबला गोडवाना विश्वविद्यालय महाराष्ट्र के साथ हुआ। जिसमें एयू की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुऐ जीत दर्ज की। मैच का पहला सेट बिलासपुर विश्वविद्यालय ने 35- 26 से अपने नाम किया, फिर दूसरे सेट में गोडवाना विश्वविद्यालय को फिर 35- 20 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। इसके साथ एयू की टीम प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर चुकी है। बिलासपुर यूनिवर्सिटी के खिलाड़ी राहुल यादव, गिरिश कश्यप, विष्णु यादव ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।टीम के शानदार प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ए.डी.एन बाजपायी, कुलसचिव शैलेंद्र दुबे, शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक डॉ. प्रमोद तिवारी ने शुभकामनाएं दी ।

डॉक्टर से जानिए इस समस्या के लक्षण और बचाव के तरीके

# गर्मी के कारण बढ़ रहे हैं ड्राई आइज के मामले, रहें सावधान और सतर्क

देशभर में तेजी से बढ़ती गर्मी ने सेहत के लिए कई सारी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। उच्च तापमान में अधिक समय तक रहने के कारण हीट स्ट्रोक का तो जोखिम रहता ही है साथ ही इसका शरीर के कई अंगों पर भी नकारात्मक असर देखा जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, गर्मी और लू के कारण होने वाली समस्याओं से बचाव करते रहना जरूरी है। गंभीर स्थितियों में ये कई अंगों को गंभीर क्षति पहुंचा सकती है साथ ही इसके जानलेवा दुष्प्रभावों का भी खतरा रहता है।

प्रख्यात नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. डीएम भावनानी बताते हैं, उच्च तापमान के कारण आंखों से संबंधित समस्याओं के बढ़ने का खतरा देखा जाता रहा है। अधिक गर्मी और शुष्क हवाएं आपकी आंखों के लिए नुकसानदायक हैं। अस्पतालों में इन दिनों आंखों में लालिमा, दर्द, जलन और एलर्जिक कंजंक्टिवाइटिस के मामले भी बढ़े हैं। इतना ही नहीं उच्च तापमान आंखों में सूखेपन यानी ड्राई आइज की समस्या को भी बढ़ाने वाली हो सकती है, जिसको लेकर सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।




### बढ़ती गर्मी का आंखों पर असर

बढ़ती गर्मी आंखों के लिए कितनी खतरनाक है इस बारे में डॉ. भावनानी कहते हैं, गर्मियों में हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन की समस्या से बचाव करते रहना तो जरूरी है ही साथ ही आंखों की सेहत को लेकर भी सावधानी बरतनी चाहिए। गर्मियों के दौरान, न केवल त्वचा बल्कि आंखों को भी यूवी किरणों से बचाने की जरूरत होती है। थोड़ी सी असावधानी के कारण आंखें में लालिमा, खुजली, जलन जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। गर्मियों में ड्राई आइज सिंड्रोम के मामले भी अधिक देखे जाते रहे हैं।

### ड्राई आई सिंड्रोम का जोखिम

डॉ. भावनानी बताते हैं, बहुत ज्यादा गर्मी और सर्दी दोनों ही आंखों के लिए नुकसानदायक है। ये आंखों में सूखेपन के खतरे को बढ़ा देती है। ड्राई आई की समस्या तब होती है जब आपकी आंखें नम रहने के लिए पर्याप्त आंसू का उत्पादन नहीं कर पाती है। इन स्थितियों में आपकी आंखें असहज महसूस करती हैं और कुछ मामलों में यह दृष्टि संबंधी समस्याएं भी पैदा कर सकती हैं। अगर समय रहते इस समस्या का उचित इलाज न किया जाए तो इसके कारण धुंधला दिखाई देने और आंखों की रोशनी कम होने का भी खतरा हो सकता है।



### कैसे करें ड्राई आइज की समस्या की पहचान?

ड्राई आइज के कारण आंखों में कई तरह की दिक्कतें होने लगती हैं। गर्मियों में धूप के कारण आपकी आंखों में चुभन, जलन या खुजली होने लगती है, इसके अलावा कुछ लोगों को प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता का भी खतरा हो सकता है। इसके अलावा कुछ अन्य लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देते रहना और समय पर इसका उपचार प्राप्त करना आवश्यक



माना जाता है। आंखों का लाल रहना।आंखों में कुछ होने का एहसास।रात में गाड़ी चलाने में कठिनाई।आंखों से अक्सर पानी आना, आंखों में जलन बने रहना। धुंधला दिखाई देना या आंखों में अक्सर थकावट का एहसास होते रहना।

### ड्राई आइज की समस्या से कैसे बचें?

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. भावनानी बताते हैं, गर्मी के कारण निर्जलीकरण होने का जोखिम रहता है जिससे आंसू का उत्पादन भी कम हो जाता है। इस तरह के जोखिमों से बचे रहने के लिए सुनिश्चित करें कि आप पूरे दिन खूब पानी पीते रहें। इसके अलावा एयर कंडीशनर के सीधे संपर्क में रहने से भी बचना जरूरी है। ये आपकी आंखों को सूखा बना सकती है। आहार को ठीक रखना, ओमेगा-3 फैटी एसिड, विटामिन्स से भरपूर चीजों का अधिक सेवन करना भी आंखों को स्वस्थ रखने और गर्मी के कारण होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने में मददगार है।



## जून में छुट्टियां और लॉन्ग वीकेंड जानकर बनाएं घूमने का प्लान

गर्मी का महीना है। इस महीने को छुट्टियों का महीना कहना गलत नहीं होगा। स्कूल-कॉलेज जून में बंद होते हैं, इस कारण बच्चों को गर्मियों की छुट्टियां मनाने का मौका मिल जाता है। हालांकि लगभग दो महीने की गर्मियों की छुट्टियों में बच्चे घर पर बोरियत महसूस करने लगते हैं। पहले के दौर में तो बच्चे गर्मियों की छुट्टियों में नानी-दादी के घर जाया करते थे, लेकिन अब वह फैमिली ट्रिप पर जाने की जिद करते हैं।

माता पिता भी इस गर्मी और उमस में किसी ठंडी और शांत जगह पर परिवार के साथ कुछ यादगार और मनोरंजक पल बिताने के लिए हिल स्टेशनों की सैर करना पसंद करते हैं। हालांकि बच्चों की तरह नौकरीपेशा अभिभावकों के दफ्तर में गर्मियों की छुट्टियां नहीं मिलती, उन्हें तो अवकाश या किसी पर्व व त्योहार की छुट्टी का ही इंतजार करना होता है। जून के महीने में कब छुट्टी मिल रही है और इस माह कितने लॉन्ग वीकेंड हैं, ये जानकर आप भी बच्चों और पार्टनर के साथ घूमने की योजना बना सकते हैं।

### जून में कितनी छुट्टियां

इस महीने बहुत अधिक छुट्टियां नहीं हैं। त्योहार के नाम पर तो जून में बड़ा मंगल का पर्व मनाया जाता है। हालांकि इस पर्व की छुट्टी नहीं मिलती। जून के महीने में सिर्फ एक ही दिन का अवकाश मिल रहा है। 17 जून, दिन सोमवार को बकरीद की छुट्टी है। इस मौके पर ट्रिप पर जा सकते हैं। खास बात ये है कि बकरीद में दो से तीन दिन की छुट्टी घूमने के लिए मिल रही है।



### जून में लॉन्ग वीकेंड

जून में घूमने के लिए बकरीद से पहले वीकेंड मिल रहा है। 15 जून से लॉन्ग वीकेंड का लुत्फ उठा सकते हैं। 15 और 16 जून को शनिवार व रविवार की छुट्टी है, वहीं अगले दिन बकरीद की छुट्टी मिल जाएगी। ऐसे में तीन दिन के अवकाश पर आप किसी खूबसूरत और कम तापमान वाली जगह पर घूमने जा सकते हैं। इसके अलावा जून में दो दिन के वीकेंड ट्रिप पर 1 और 2 जून को, 8 और 9 जून को, 22 और 23 जून को एवं 29-30 जून को जा सकते हैं। दो दिन में पास के किसी हिल स्टेशन पर आसानी से और कम पैसों में घूम कर आया जा सकता है।

### जून में घूमने के लिए बेस्ट जगहें

घूमने के लिए बहुत अधिक छुट्टियां नहीं हैं तो हिमाचल प्रदेश के हिल स्टेशनों की सैर पर जा सकते हैं। इन दिनों लगभग 40 डिग्री से अधिक तापमान है, ऐसे में हिमाचल प्रदेश के कई हिल स्टेशनों पर मौसम ठंडा हो सकता है। आप कसोल, कुफरी, मनाली, लैंसडाउन और धर्मशाला घूमने जा सकते हैं। यहां अद्भुत प्राकृतिक नजारों के बीच एडवेंचर एक्टिविटीज का लुत्फ उठा सकते हैं या शांत माहौल में खुशनुमा वक्त बिता सकते हैं।

### कश्मीर की वादियों के बीच मनाएं छुट्टियां

जम्मू कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता है। कश्मीर का लगभग हर शहर अपने आप में पर्यटन स्थल हैं। श्रीनगर से गुलमर्ग और पहलगाम से सोनमर्ग तक घूमने जा सकते हैं। यहां की हरियाली, खूबसूरत वादियां, झीलें और सुंदर प्राकृतिक दृश्य जितने मनमोहक हैं, उतना ही यहां का तापमान गर्मियों में सुकून दिलाने वाला है।



## गर्मियों में दूध से तैयार करें झटपट रेसीपीज, स्वाद के साथ ठंडक भी



दूध को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। ये कहावत सच भी हैं कि दूध पीने से ताकत आती है। डाक्टर्स भी अधिकतर मामलों में दूध पीने की सलाह देते हैं। दूध के महत्व से सभी को जागरूक करने और डेयरी क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों पर ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 जून को विश्व दुग्ध दिवस मनाया जाता है।

गर्मियों का मौसम है। इस मौसम में खुद को तरोताजा और ताकतवर बनाए रखने के लिए दूध की कुछ रेसिपी बनाकर उनका सेवन किया जा सकता है। इससे शरीर को दूध के जरिए मिलने वाला पोषण, स्वाद और गर्मी में ठंडक का अहसास हो सकता। इस लेख में गर्मियों में दूध से तैयार होने वाले खाद्य पदार्थों के बारे में बताया जा रहा है।

**मिल्क शेक:** बच्चों को दूध भले ही पसंद न हो, लेकिन गर्मियों में शेक जरूर पसंद आ सकता है। आप मिल्क शेक, मैंगो शेक, बनाना शेक या बच्चे के पसंदीदा फ्लेवर का शेक बना सकते हैं। मिल्क शेक बनाने के लिए कोई भी फल या चॉकलेट पाउडर, थोड़ी चीनी, ठंडा दूध, और आइस क्यूब की जरूरत होती है। इन सभी को अच्छे से मिक्स करके शेक बनाया जा सकता है। ऊपर से चेरी, ड्राई फ्रूट्स या आइसक्रीम से गार्निश कर सकते हैं।

**कोल्ड कॉफी:** किसी रेस्तरां में कोल्ड कॉफी पर आप पैसे खर्च कर देते हैं। बाजार जैसी कोल्ड कॉफी घर पर ही बनाकर पीएं। इसमें दूध, चीनी, कॉफी और चॉकलेट पाउडर का इस्तेमाल करें। आइस क्यूब मिलाकर मिक्सर में अच्छे से शेक कर सकते हैं। इससे झागदार कोल्ड कॉफी बनकर तैयार हो जाएगी।

**ठंडाई:** गर्मियों में ठंडी-ठंडी ठंडाई मिल जाए तो मजा ही आ जाए। ठंडाई की सामग्री आपको आसानी से बाजार में मिल जाएगी। आपको बस इस सामग्री को दूध में मिलाकर, चीनी और रोज सिरप मिलाकर ठंडाई बना सकते हैं।

**दूध का शरबत:** तरबूज के बीज निकालकर उसे पीस लें। अब तरबूज के जूस को दूध में मिलाएं। चीनी और थोड़ा सा रुआवजा मिलाकर दूध और तरबूज वाला मुहब्बत का शरबत बना सकते हैं।

## शादी के बाद पहली बार रख रही हैं वट सावित्री व्रत तो ऐसे हों तैयार



हिंदू धर्म में ज्येष्ठ माह का काफी महत्व है। दरअसल, इस महीने में कई ऐसे त्योहार आते हैं, जो लोगों की जिंदगी में ढेरों खुशियां लाते हैं। इसी क्रम में हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन महिलाएं वट सावित्री व्रत रखती हैं। ये व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए काफी अहम होता है। वट सावित्री का व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। इस साल ये तिथि 6 जून को पड़ रही है। ऐसे में महिलाओं ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है।

अगर शादी के बाद आप पहली बार वट सावित्री व्रत रख रही हैं तो ये लेख आपके लिए है। आज के इस लेख में हम आपको पहले व्रत के लिए तैयार होने के टिप्स बताने जा रहे हैं, ताकि आप इस खास दिन को और खास बना सकें। अगर आप स्पेशल तरीके से तैयार होकर अपने पति के सामने जाएंगी, तो वो आपकी नजर उतारने से खुद को रोक नहीं पाएंगे।

**पहनें शादी का लहंगा :** शादी के दिन की यादों को ताजा करने के लिए अपने पहले वट सावित्री व्रत में अपनी शादी का ही लहंगा पहनें। इससे आप दोनों के बीच करीबी और ज्यादा बढ़ेगी। जब आपके पति आपको शादी के जोड़े में देखेंगे तो वो उनकी नजरें आप पर से हटेंगी नहीं।

**शादी की ज्वेलरी दिखेगी खास:** अपनी शादी में फेरों के वक्त आपने जो ज्वेलरी पहनी थी, उसे ही शादी के लहंगे के साथ पहनें। उसमें आपका लुक निखर कर सामने आएगा। शादी की हर एक चीज के साथ काफी अलग और खास कनेक्शन होता है, ऐसे में शादी के लहंगे के साथ ज्वेलरी भी वही पहनें।

**करें 16 श्रृंगार:** ये व्रत सुहागिनों का होता है। ऐसे में इस दिन तैयार होते वक्त पूरे 16 श्रृंगार करके ही अपने पति के सामने जाएं।

कार्नर न्यूज

हमारे जीवन का सबसे पहला और जरूरी हिस्सा होते हैं माता-पिता

# बेटा हो या बेटी, अभिभावक के लिए हर बच्चे का होता है कर्तव्य

किसी भी परिवार की नींव माता पिता पर निर्भर होती है। अभिभावक प्रेम, समर्पण, त्याग और करुणा का प्रतीक होते हैं। आप भी माता पिता के लिए खास दिन मनाना चाहते हैं तो बतौर बच्चे अपने कर्तव्यों के बारे में जान लें। आप चाहे बेटा हों या बेटी, माता पिता के लिए आपके कुछ कर्तव्य और जिम्मेदारी हैं, जिन्हें आपको पूरा करना चाहिए।

### सम्मान करें

सबसे बड़ा कर्तव्य तो है कि बच्चों के मन में माता पिता के लिए सम्मान की कमी नहीं होनी चाहिए। हर अभिभावक ये उम्मीद करता है कि उनका कितना भी बड़ा क्यों न हो जाए, लेकिन उसकी नजरों में माता पिता के लिए आदर हो। आपको वो आदर बनाकर रखना चाहिए, ताकि अभिभावक आत्मसंतुष्ट रहें।



### सहयोग करें

बच्चे के जन्म के बाद माता पिता उसकी हर जरूरत और इच्छा को बिना कहे जानकर उसे पूरा करते हैं। अबोध बालक के रोने मात्र से मां समझ जाती है कि बच्चा भूखा है या उसे कुछ परेशान कर रहा है। वहीं माता-पिता जब बूढ़े होते हैं और शारीरिक तौर पर कमजोर होते हैं तो उनकी निर्भरता बच्चों पर बढ़ जाती है। ऐसे वक्त पर माता पिता का सहयोग करना, उनकी मदद करना हर बच्चे का कर्तव्य है। यह सहयोग शारीरिक तौर पर भी हो सकता है और आर्थिक तौर पर भी। माता पिता का सहारा बनना आपका कर्तव्य है।



### स्वास्थ्य का ख्याल

अभिभावक अपनी सेहत से पहले बच्चे की चिंता करते हैं। नवजात शिशु जब देर रात तक सोता नहीं, तो अपनी नींद खोकर माता पिता उसके साथ जगते हैं। उनकी नींद पूरी नहीं होती, थकान और तबियत खराब होने लगती है। हालांकि वह अपने स्वास्थ्य की चिंता किए बिना बच्चे की सेहत का ध्यान देते हैं। बच्चा जब समझदार होने लगे तभी से उसे अपनी मां की थकान और पिता के पैर दर्द को समझकर उनको आराम देना चाहिए। उनके स्वास्थ्य की देखभाल की जिम्मेदारी बच्चों की ही होती है।

### जरूरतों को समझें

माता-पिता हाथ पैर चलने तक आपकी हर जरूरत का ख्याल रखते हैं। आपकी पसंद का खाना बनाने से लेकर, खिलौने और अच्छे स्कूल में पढ़ाने तक, पहला मोबाइल फोन दिलाने से आपके कपड़ों को व्यवस्थित करने तक हर जरूरत माता पिता पूरी करते हैं।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जेम्स कैमरून को तगड़ा झटका, अधर में 950 मिलियन डॉलर स्टूडियो का भविष्य



जेम्स कैमरून और अन्य बड़े नामों द्वारा समर्थित 950 मिलियन डॉलर के यूके फिल्म स्टूडियो को योजना की अनुमति से इनकार कर दिया गया है। बकिंघमशायर काउंसिल ने अपने योजना अधिकारियों की एक सिफारिश का समर्थन किया कि मार्लो फिल्म स्टूडियो की योजनाओं को अस्वीकार कर दिया जाए। अभियान समूहों ने पहले तर्क दिया था कि मार्लो खदान क्षेत्र की योजनाएं अनुपयुक्त थीं और इस क्षेत्र में विकास महीनों से विवादास्पद साबित हुआ है। मार्लो टाउन काउंसिल के नेता ने पहले कहा था कि वह और साथी सदस्य परियोजना के कथित समर्थन के लिए अपमानजनक दुर्व्यवहार प्राप्त करने के बाद कानूनी सलाह ले रहे थे। मार्लो फिल्म स्टूडियोज के मुख्य कार्यकारी रॉबर्ट लेकॉक ने मीडिया को बताया कि वह अगले कदमों पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमें निराशा है कि समिति इस असाधारण प्रस्ताव का समर्थन नहीं कर पाई। यह बकिंघमशायर और उसके निवासियों के भविष्य में सबसे महत्वपूर्ण निवेश अवसरों में से एक है।' फिल्म और हाई-एंड टीवी बूम के बीच यूके में वर्तमान में बनाए जा रहे कई स्टूडियो में से एक स्टूडियो को कैमरून, सैम मेंडेस और एंडी सर्किस जैसे लोगों का समर्थन प्राप्त था। टाइटैनिक निर्माता कैमरून ने कई सप्ताह पहले योजनाओं के समर्थन में परिषद को एक पत्र लिखा था। साथ ही मार्लो को लाइटस्टॉर्म3डी के लिए एक संभावित आधार और प्रशिक्षण केंद्र के रूप में पेश किया था।

पिछले कुछ वर्षों में पूरे ब्रिटेन में बड़ी संख्या में नए फिल्म और टीवी स्टूडियो उभर रहे हैं और मार्लो सबसे महंगे स्टूडियो में से एक था। जेम्स कॉर्डन का फुलवेल 73 दूसरे नंबर पर है। हालांकि, इस 950 मिलियन डॉलर के यूके फिल्म स्टूडियो को योजना की अनुमति नहीं मिली है, जिसके बाद रॉबर्ट लेकॉक अपने अगले कदम पर विचार कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

## सूर्या की 'कंगुवा' पर आया बड़ा अपडेट, रिलीज पर निर्देशक ने कह दी बात



सुपरस्टार सूर्या की आगामी फिल्म 'कंगुवा' काफी चर्चा में है। यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म में सूर्या बतौर मुख्य अभिनेता नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर लगातार हाइप बनी हुई है। अभिनेता के फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के निर्देशन की बागडोर सिरुथाई शिवा संभाल रहे हैं। हाल में ही एक इवेंट के दौरान उन्होंने अपनी इस फिल्म को लेकर बात की है। 'कंगुवा' में सूर्या बेहद अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। फिल्म के निर्देशक सिरुथाई शिवा ने अब तक मसाला एंटरटेनर फिल्में ही बनाई हैं। पहली बार वह अपने करियर में इस तरह के किसी बड़े प्रोजेक्ट से जुड़े हैं। हाल में ही फिल्म के निर्देशक एक इवेंट में शामिल हुए थे, जहां उन्होंने अपनी आगामी फिल्म को लेकर बात की है। उन्होंने कहा, ₹फिल्म बहुत अच्छी बनी है। अब तक इसे देखने वाले सभी लोगों ने कहा है कि फिल्म वाकई में अच्छी है। हम दर्शकों को कंगुवा दिखाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिलहाल मैं यही अपडेट दे सकता हूँ।₹ बता दें कि 'कंगुवा' की रिलीज का सिनेप्रेमी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में सूर्या बेहद अलग अवतार में नजर आने वाले है। फिल्म को लेकर अब तक जितनी भी जानकारियां सामने आई हैं, उससे फिल्म को लेकर सकरात्मक माहौल बना है। दर्शकों की तरफ से फिल्म के पोस्टर्स को भी सकरात्मक प्रतिक्रिया मिली है। ऐसे में अभिनेता के फैंस का मानना है कि 'कंगुवा' बड़ी हिट साबित होगी और इससे वह भी ज्यादा कमाई करने वाले सितारों की लिस्ट में शामिल हो जाएंगे। 'कंगुवा' एक पीरियड एक्शन फिल्म है, जिस वजह से इसमें सीजीआई का काफी ज्यादा प्रयोग किया गया है।

### भोजपुरी

## बन रही मेरी बेटी मेरा अभिमान फिल्म, दर्शकों को आएगी पसंद



बी फॉर मोशन पिकचर्स विथ हाईक की भोजपूरी फिल्म 'मेरी बेटी मेरा अभिमान' की शूटिंग इन दिनों उत्तर प्रदेश के जौनपूर में जोर शोर से चल रही है। इसका निर्माण जहां प्रोडयूसर संदीप सिंह ओर अरविन्द पाण्डेय कर रहे है। वहीं संजीव बोहारपी इसका डायरेक्शन कर रहे है। फिल्म के निर्माता ने बताया कि 'मेरी बेटी मेरा अभिमान' फिल्म में प्रमुख भूमिका भोजपूरी फिल्मों की सुपर एक्ट्रेस अंजना सिंह, पंकज मेहता, पुष्पेन्द्र राय, गोलू तिवारी के साथ ही छत्तीसगढी एवं भोजपुरी फिल्मों के जाने माने एक्टर ललित उपाध्याय, कंचन मिश्रा, संजीव मिश्रा, सोनिया मिश्रा, गोराशी शर्मा, सोनाली मिश्रा, रिशु पांडे, नन्हें श्रीवास्तव के अलावा भोजपूरी फिल्मों के और कई प्रसिद्ध अभिनेता इसमें अपने अभिनय का जलवा दिखा रहे है। इसका कथा, पटकथा, संवाद अरविंद तिवारी, कला संजय कुमार का है। इसके गीतकार अरविंद तिवारी, और संगीत साजन मिश्रा का है तो इसके कोरियोग्राफर कानू मुखर्जी, सोनी प्रीतम है और सभी सीन को अपने कैमरे में कैद करने का कार्य भोजलीवुड के प्रसिद्ध कैमरामैन विजय मंडल कर रहे है।

## जियोर्जियो की बहार

लाइफ स्टाइल



एम्पोरियो अरमानी स्प्रिंग समर 2024 महिला फैशन शो ने दर्शकों में मन में एक अमिट छाप छोड़ी। यहां इतालवी डिजाइनर जियोर्जियो का कलेक्शन खास तौर पर काबिले गौर रहा। एम्पोरियो अरमानी फैशन शो के अंत में रनवे पर मॉडलों के साथ पोज देते हुए जियोर्जियो बेहद उत्साहित नजर आए।

# धूप से चेहरे पर आया कालापन तो टमाटर से बने इन फेस पैक का करें इस्तेमाल

नौतपा की वजह से कई राज्यों में आसमान से आग बरस रही है। लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हुआ जा रहा है। मौसम विभाग की मानें तो इस साल गर्मी अपने रिकॉर्ड तोड़ रही है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग भी लगातार लोगों तो सचेत रहने की सलाह दे रहा है। इस भीषण गर्मी की वजह से न सिर्फ लोगों की सेहत खराब हो रही है, बल्कि इसका खराब असर लोगों की त्वचा पर भी दिखने लगा है।

धूप से लोगों का चेहरा काला पड़ रहा है। इससे बचने के लिए लोग पार्लर जाकर कई प्रकार के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं। अगर आपका चेहरा भी धूप से काला पड़ रहा है और आपके पास पार्लर जाने का समय नहीं है तो आप घर पर ही टमाटर से इस्तेमाल से चेहरे के कालेपन से छुटकारा पा सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको टमाटर की मदद से फेस पैक बनाना सिखाएंगे, ताकि आपका चेहरा भी चमक सके।



### टमाटर, नींबू और चंदन

ये तीनों ही चीजें हर घर में आसानी से मिल जाती हैं। इससे पैक बनाने के लिए एक कटोरी में तीनो चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करक पेस्ट बनाएं। अब इस पेस्ट को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं और कुछ समय के बाद इसे पानी से साफ कर लें।

### टमाटर, दूध और एलोवेरा

इस पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में टमाटर मैश करके डालें। इसके बाद इसमें दूध और एलोवेरा जेल मिलाएं। 15 मिनट इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर इसका असर देखें।

### टमाटर और एवोकाडो

एवोकाडो भले ही महंगा आता है लेकिन अगर आप इसका इस्तेमाल स्किन केयर में करेंगे, तो इससे आपकी त्वचा खिल उठेगी। इसके लिए बस टमाटर और एवोकाडो को मैश करके चेहरे और गर्दन पर लगाएं और इस पैक का असर देखें।

### टमाटर और बेसन

बेसन तो हर रसोई में मिल ही जाता है। ऐसे में सबसे पहले एक कटोरी में टमाटर को मैश करके लें।

## गर्मियों में खूब जचती है शिफॉन की साड़ी, मन भाएंगे खूबसूरत कलेक्शन



फैशन

गर्मी के मौसम में खासतौर पर परेशानी उन महिलाओं के सामने आती है, जिनके लिए साड़ी पहनना अनिवार्य होता है। इसके अलावा बहुत सी महिलाएं ऑफिस में भी साड़ी पहन कर जाना पसंद करती हैं। ऐसे में आप चाहे तो शिफॉन की साड़ी गर्मी में पहन सकती हैं। यह साड़ी काफी हल्की होती है और इसे कैरी करना भी आसान होता है।

अगर शिफॉन की साड़ी पहनकर आप कहीं जाएंगी तो आपका लुक भी अलग दिखेगा। कई अभिनेत्री के पास शिफॉन की साड़ी का बेहद खूबसूरत कलेक्शन है। तो चलिए आपको भी उनका कलेक्शन दिखाते हैं।



**आलिया भट्ट:** आलिया भट्ट ने एक प्रमोशन के दौरान खूबसूरत से खूबसूरत शिफॉन की साड़ियां पहनी थीं। उन्हीं में ये गुलाबी साड़ी में शामिल है। ये शिफॉन की साड़ी देखने में बेहद खूबसूरत लग रही है। आप भी चाहें तो आलिया के कलेक्शन पर एक नजर डाल सकती हैं।

**अदिति राव हैदरी:** अपने रॉयल लुक की वजह से सुर्खियों में रहने वाली अभिनेत्री अदिति राव हैदरी का साड़ी लुक बेहद खूबसूरत है। ये ऑरेंज रंग की साड़ी देखने में कमाल की लग रही है। इसके साथ आप भी अलग रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

**कटरीना कैफ:** कटरीना कैफ अक्सर साड़ी में अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं। उनके पास साड़ियों का बेहद शानदार कलेक्शन है। ऐसे में आप भी चाहें तो उनके जैसी गुलाबी शिफॉन की साड़ी खरीद सकती हैं। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगी।

**रवीना टंडन:** अगर आप शिफॉन फैब्रिक में अलग ढंग की साड़ी पहनना चाहती हैं तो रवीना टंडन के जैसी फ्रिल वाली साड़ी एक बेहतरीन विकल्प है। ये देखने में कमाल की लग रही है। इसके साथ एक्ट्रेस ने फुल स्लीव का ब्लाउज कैरी किया है।

**काजल:** साउथ की मशहूर अभिनेत्री काजल की ये ग्रे कलर की साड़ी देखने में कमाल की लग रही है। इस शिफॉन साड़ी के साथ उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया है। खुले बाल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे हैं।

# डिजाइनर चश्मे बदल देंगे स्टाइल

सनग्लासेस केवल धूप से ही नहीं बचाते, बल्कि आपको स्टाइलिश लुक भी देते हैं। ऐसे में इनके कुछ ट्रेंडी डिजाइन अपने एक्सेसरीज कलेक्शन में जरूर शामिल करें। गर्मी का मौसम आते ही चश्मों का बाजार गरमा जाता है। धूप और धूल से होने वाली एलर्जी से बचने के लिए ये चश्मे हमारा सहारा बनते हैं। यूं तो तेज धूप और धूल से आंखों को बचाने के लिए हर उम्र के अधिकांश लोग चश्मे का उपयोग करते हैं, लेकिन युवा वर्ग चश्मों को लेकर बेहद गंभीर है। ऐसे में स्टाइलिश लुक और नई डिजाइन के गॉगल्स बाजारों में उपलब्ध हैं, लेकिन इन्हें खरीदते समय कुछ बातों का खास ख्याल रखें।

**फ्रेम मटेरियल :** अगर आप मेटल के सनग्लासेस ले रही हैं तो उसके मटेरियल पर ध्यान दें। ऐसा मेटल खरीदें, जो एलर्जी फ्री हो और गरम होने पर उसका आकार न बदल जाए। फ्रेम टीआर (थर्मोप्लास्टिक) 90 मटेरियल का हो। सनग्लासेस की क्वालिटी सही होने से आपकी त्वचा पर उसका कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है और आंखें भी सुरक्षित रहती हैं।

**ट्रेंड में पावर सनग्लास:** जो महिलाएं और लड़कियां पॉवर वाले चश्मों का उपयोग करती हैं, वे भी आसानी से अपनी आंखों की स्थिति के अनुसार सनग्लास बनवा सकती हैं। इससे आपके देखने का पोस्चर ठीक रहेगा और यूवी किरणों से आंखों को बचाए भी रख सकेंगी। साथ ही पोलराइज्ड लेंस वाले सनग्लास भी आप अपने नंबर के अनुसार बनवा सकती हैं। इसमें आपका आई विजन भी क्लियर रहता है और यूवी प्रोटेक्शन भी मिलता है।



# पसीने में बह जाता है मेकअप तो ऐसे हों तैयार, लुक होगा सबसे खूबसूरत

सुबह घर से निकलते वक्त लड़कियां पूरा सज-संवरकर निकलती हैं लेकिन दफ्तर पहुंचते-पहुंचते पसीने से उनका हाल बेहाल हो जाता है। वो चाहे गाड़ी से जाएं या किसी अन्य व्हीकल से लेकिन गर्मी में उनका मेकअप खराब हो ही जाता है। इस गर्मी और उमस में सही से मेकअप करना काफी कठिन काम होता है। अगर सही तरह से मेकअप ना किया जाए तो यह पसीने की वजह से धुल जाता है।

इसी के चलते आज के लेख में हम आपको मेकअप करने के कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे, जिनको अपना कर आप परफेक्ट मेकअप कर सकती हैं। इसके लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। परफेक्ट मेकअप के लिए सबसे पहले अपनी स्किन को तैयार करना जरूरी होता है। त्वचा को तैयार करने के बाद ही अगर मेकअप किया जाए तो यह लंबे समय तक टिका रहता है। तो चलिए देर ना करते हुए आपको गर्मी के मौसम में सही से मेकअप करना सिखाते हैं।



**ठंडे पानी से धोएं चेहरा:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने चेहरे को ठंडे पानी से जरूर धोएं। ऐसा करने से आपके चेहरे पर लंबे समय तक पसीना नहीं आएगा। इसकी वजह से आपका मेकअप भी ज्यादा देर टिका रहेगा।

**इस्तेमाल करें बर्फ:** मेकअप इस्तेमाल करने से पहले अपने चेहरे पर बर्फ रगड़ें। इससे आपकी त्वचा में कसाव आ जाएगा। ऐसा करने से पसीना काफी कम आता है। ध्यान रखें कि बर्फ को कभी भी सीधा चेहरे पर न लगाएं। इसे हमेशा सूती कपड़े में बांध कर ही चेहरे पर रगड़ें।

**फाउंडेशन को करें स्किप:** वैसे तो फाउंडेशन मेकअप का सबसे अहम हिस्सा है, लेकिन आप चाहें तो गर्मी के मौसम में आप इसे स्किप कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

## सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव में कारगर होती है 'सनस्क्रीन'

*सूरज की हानिकारक किरणों ने धरती तप रही है। तेज गर्मी के साथ लू ने लोगों को परेशान कर रखा है। हालांकि तेज कड़क धूप में भी जरूरी कामों के लिए घर से निकलना जरूरी होता ही है। ऐसे में त्वचा को एक्स्ट्रा पोषण और सुरक्षा कवच देना जरूरी हो जाता है। पूरी बांहों के कॉटन के कपड़ों से लेकर सनग्लासेस जैसे साधन सहायता करते हैं लेकिन सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव में कारगर होता है 'सनस्क्रीन'। एक अच्छा सनस्क्रीन त्वचा पर सुरक्षा की परत चढ़ाता है। इससे घातक किरणों से तो त्वचा सुरक्षित होती ही है, त्वचा के लिए जरूरी नमी और पोषण भी मिल सकता है। लेकिन क्या कोई भी सनस्क्रीन त्वचा पर अप्लाई की जा सकती है?*

# त्वचा के मुताबिक करें सही सनस्क्रीन का चयन, तेज धूप और गर्मी का नहीं होगा असर



### सनस्क्रीन क्यों लगाना चाहिए?

केवल सूरज की हानिकारक किरणों के प्रभाव से त्वचा को ऊपरी तौर पर बचाने के लिए ही नहीं, सनस्क्रीन कई गम्भीर बीमारियों से भी बचाव में सक्षम होता है। यही कारण है कि गर्मी ही नहीं बल्कि हर मौसम में धूप में निकलते समय सनस्क्रीन लगाने की सलाह विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है। यहां तक कि घर पर रहते हुए भी सनस्क्रीन लगाए रखने को कहा जाता है।

### सनस्क्रीन के इस्तेमाल में इन बातों का रखें ख्याल

सनस्क्रीन का उपयोग समय सीमा के हिसाब से किया जाना चाहिए। अगर आप 4 घंटे से ज्यादा समय के लिए घर से बाहर हैं तो आपको कम से कम 2 बार सनस्क्रीन की परत त्वचा पर अप्लाई करनी होगी।

बाजार में कई तरह के सनस्क्रीन उपलब्ध होंगे। इसमें लोशन, क्रीम से लेकर पिल्स तक उपलब्ध हैं। खास बात यह है कि आपकी त्वचा के हिसाब से आप पर कौन सा सनस्क्रीन सूट करता है। लोशन भी वॉटर और ऑइल बेस्ड दोनों तरह के हो सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि जब सनस्क्रीन खरीद रहे हों तो अपनी त्वचा के प्रकार को ध्यान में रखें। उदाहरण के लिए ऑइली त्वचा के लिए ऑइल बेस्ड लोशन ठीक नहीं होगा।

सनस्क्रीन खरीदते समय प्रोडक्ट डिटेल्स जरूर पढ़ें। ऐसा सनस्क्रीन चुनें जो ज्यादा सुरक्षा देता हो, जैसे यूवीए के साथ यूवीबी किरणों से भी सुरक्षा देने वाला। ऐसे प्रोडक्ट्स ब्रॉड स्पेक्ट्रम प्रोडक्ट्स के अंतर्गत आते हैं। जिन में कई तरह की सुरक्षा परतें होती हैं।



एसपीएफ यानी सन प्रोटेक्टिंग फैक्टर का 30 या इससे अधिक होना महत्वपूर्ण है। जितना अधिक एसपीएफ उतनी ज्यादा सुरक्षा।